हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 16 मई 2024
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया| डोंगरगढ़| खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा| कोलेगांव ]



# संजीवनी
## हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

## कैंसर स्क्रीनिंग एवं जागरुकता अभियान

**फ्री कैंसर चेकअप कैम्प**

"It's Not Only A Camp... It's for Your Future Health"

**दिनांक** 12 मई से 25 मई तक

**समय** प्रातः 10:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक

**संजीवनी हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल**
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)

## शरीर में होने वाले परिवर्तन / चेतावनी को शीघ्र पहचाने

### स्तन / ब्रेस्ट की चेतावनी संकेत
- सूजन या गांठ बनना निप्पल से रिसाव / रक्तपात
- स्तन की त्वचा पर खुजली
- निप्पल के आकार में बदलाव
- बगल में सूजन या गांठ

### फेफड़े / लंग्स की चेतावनी संकेत
- 3 हफ्ते से अधिक की खाँसी
- खाँसने पर मुँह से ब्लड आना
- साँस लेने या खांसने पर दर्द
- आवाज का बैठ जाना

### लिवर की चेतावनी संकेत
- पीलिया/ हेपटेमेगाली
- मल का रंग मिट्टी जैसा
- पूरे शरीर में खुजली
- भूख कम लगना / वजन कम होना
- पेट में सूजन

### गर्भाशय / सर्वाइकल के संकेत
- महावारी के बीच खून बहे या धब्बे
- सम्भोग के बाद खून/धब्बा दिखना
- कमर में लगातार दर्द रहना
- महावारी बन्द होने के बाद भी खून
- योनि से असामान्य स्त्राव, स्त्राव में बदबू, जिसका गुलाबी या हरे रंग में
- पेशाब करते समय दर्द एवं जलन

### मुँह की चेतावनी संकेत
- मुँह में अल्सर के घाव न भरना
- दाँतों का कमजोर हो जाना
- गले में दर्द या गांठ
- मुँह के अन्दर सफेद या लाल रंग धब्बे
- मुँह से बदबू आना

### किडनी/ब्लैडर / प्रोस्टेट की चेतावनी
- पेशाब में जलन या दर्द
- बार-बार पेशाब का आना
- पेशाब करने में कठिनाई
- मूत्र में खून आना

### पेट / आंत की चेतावनी संकेत
- लम्बे समय तक पेट में दिक्कत
- गल में ब्लड आना
- पेट में दर्द और शरीर में थकान रहना
- थोड़ी मात्रा में भोजन लेने के बाद पेट भरा हुआ महसूस होना

### थैलेसीमिया / एनेमिया के संकेत
- असामान्य हीमोग्लोबिन
- शरीर में रेड ब्लड सेल्स का कम होना
- थकान, कुपोषण, कमजोरी
- पेट मे सूजन
- डार्क यूरिन
- त्वचा का पीला होना
- बच्चे की ग्रोथ रुक जाना
- हृदय की धड़कन तेज/असामान्य होना

### ब्रेन ट्यूमर होने के लक्षण
- बिना वजह उल्टी आना या बैचेनी होना।
- बार-बार सिर में बहुत तेज दर्द होना।
- बोलने में दिक्कत आना।
- थकान होते रहना।
- धुंधला-धुधला दिखाई देना।



## कैंसर का ईलाज
**हम हैं आपके साथ**
नि:शुल्क कैंसर आपरेशन, कीमोथैरेपी*

PI Cancer Care
Personalised & Innovative Cancer care
www.picancercare.com

**आयुष्मान भारत** के तहत फ्री ईलाज।

**हाइटेक ICU & CCU**

**अनुभवी मेडिकल स्टॉफ**

**आपातकालीन** हाइटेक ट्रामा सेंटर एक्सीडेन्टल केस के लिए

**एम्बुलेन्स सेवाएं** 24 घंटे उपलब्ध।

**मुम्बई व हैदराबाद के प्रसिद्ध कैंसर स्पेशलिस्ट** के मार्गदर्शन में निर्धारित शेड्यूल से इलाज व डॉक्टर के द्वारा **24 घंटे सशक्त मोनिटरिंग**



**डॉ. भारत पटोडिया**
MBBS, FAGE, MD
Medical Oncologist, Surgical Radiation
एस्मो सर्टिफाइड, सी.ए.एस., फेफड़े का कैंसर (स्विटजरलैण्ड), सी.सी.बी., स्तन कैंसर (जर्मनी), कंसल्टेंट मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, पी.आई. ऑन्कोलॉजी, एलुमनि सेंटर एवं हिन्दुजा हॉस्पीटल मुंबई



**डॉ. शिवम शिंगला**
Medical Oncologist
Surgical Radiation
एक जेनेटिक काउंसलर है जो मुंबई में मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट है। और रहेजा हास्पीटल माहिम मुंबई एवं नानावटी हास्पीटल पर सेवाएं देते है। ये विशेष रुप से फेफड़ों के कैंसर विशेषज्ञ है।



**डॉ. इप्सित इलाही दास**
MBBS, MS, MCH
(Surgical Oncology)
सर्जरी के क्षेत्र में 12 वर्षों का अनुभव एवं उन्होंने विभिन्न कैंसर के उपचार में अपना कौशल और ज्ञान विकसित किया है। इन्होंने एम्स से कैंसर सर्जरी का प्रशिक्षण प्राप्त किया।



**डॉ. घनश्याम बिसेन सासपार्धी**
MBBS, MS, MCH
Neurosurgeon PGI Chandigrah



**डॉ. जाहिद खान**
MBBS, MD, DM CARDIOLOGY
पूर्व चिकित्सक-जे.जे. हॉस्पिटल मुम्बई



**डॉ. सिद्धी सैनिक**
MBBS, MD
स्त्री रोग विषेशज्ञ



**डॉ. आमोल बी.सासने**
MBBS, MD
गहन चिकित्सा विभाग (I.C.U.)



**डॉ. किशोर संगोड़े**
MBBS, MD
(Internal Medicine)



**डॉ. रितेश नि. भोस्कर**
Orthopaedist
मुंबई एवं बैंगलोर से प्रशिक्षित



**डॉ. कल्याण श्याम यझलवार**
Pediatrician
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ

**अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें**
**07744-299988**

पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
82699-24365 | 88279-24365

PROVIDING AFFORDABLE CANCER CARE SERVICES

विज्ञापन कटिंग लाने पर पैथोलॉजी टेस्ट में पाएं 50% की छूट
T & C Apply*

## खबर संक्षेप

### शराब बेचने वाले को भेजा जेल

**घुमका।** घुमका पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी को जेल भेजा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 43 पौवा देशी प्लेन शराब एवं 10 नग कैन सिम्बा बियर जप्त किया था। पुलिस ने आरोपी देवराज वर्मा उर्फ़ दादू पिता स्व राधेलाल वर्मा निवासी घुमका के विरूद्ध धारा 34 के तहत कार्रवाई कर जेल भेजा है। टी आई विनय कुमार पम्मारने बताया कि अधिकारीयों के मार्गदर्शन में शराब की अवैध बिक्री रोकने कार्यवाही लगातार की जा रही है।

### आईटीबीपी ने मनाया स्थापना दिवस



**मानपुर।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की 27वीं बटालियन ने 15 मई को अपना 12वाँ स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। बटालियन के कमांडेंट विवेक कुमार पाण्डेय ने ध्वजारोहण कर सलामी लिया। कमांडेंट ने बटालियन के इतिहास और वर्तमान का ज़िक्र करते हुए जवानों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर कई प्रतियोगिता का आयोजन कर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

### आत्मानंद स्कूल का परिणाम बेहतर

**डोंगरगढ़।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं परीक्षा का परिणाम बहुत अच्छा रहा। दसवीं में नवनीत यादव 91.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। थानेश्वरी 89.6 द्वितीय, मोश्रराज देवांगन 88.5 प्रतिशत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में मोनाल वर्मा 77 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, अयान खान 73 द्वितीय, शादियां परवीन 72.6 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही। 10वीं का परिणाम 89 प्रतिशत व 12वीं का परिणाम 96 प्रतिशत रहा। उत्तीर्ण बच्चों को प्राचार्य वायएस राव ने बधाई दिया है।

### आलीवारा स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत

**मुसरा।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आलीवारा में कक्षा 10 वी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। परीक्षा में शामिल 32 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। 32 में से 21 प्रथम,11 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। शाला की योगिता वर्मा ने 85.33, दीपिका वर्मा 80, प्रीति वर्मा 79.83, हुश्न कुमारी वर्मा 77.83, सुरुचि यादव 77.83, पुष्कर वर्मा ने 77.66 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। परीक्षा परिणाम पर प्रभारी प्राचार्य जेएल हुमने, व्याख्याता केआर यादव, पीके दीक्षित, टार्केशवरी जंघेल, मौसमी साखरे, रामेश्वर दशरिया, लेखा पाल, नेहा वर्मा, भरत सेन आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को बधाई दिया है।

### आर्या स्कूल में प्रथम



**डोंगरगढ़।** खालसा पब्लिक स्कूल की कक्षा 10वीं की छात्रा आर्या अग्रवाल सुपुत्री आनंद अग्रवाल माता नीलम अग्रवाल ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर माता पिता एवं स्कूल नाम गौरवांवित किया है।

### अवैध वसूली का गलत आरोपः प्रबंधक

**डोंगरगढ़।** समिति प्रबंधक बोरतलाव ने किसानों द्वारा अवैध वसूली के लगाए गए आरोप को गलत बताया है। समिति प्रबंधक ईश्वर श्रीनिवास ने बताया कि विगत दिनों किसानों ने अवैध वसूली की जो शिकायत की है वह निराधार है। भारत सरकार ने सोसाइटी में सीएससी सेंटर खोला है ताकि किसान परेशान न हो। केसीसी ऋण, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना आदि के लिए किसानों का खाता नंबर, आधार नंबर, पैन कार्ड, मोबाइल नंबर, नॉमिनी के दस्तावेज की आवश्यकता है जिसे सीएससी सेंटर के माध्यम से निकाला जा रहा है जिसका शुल्क लिया जा रहा है। प्रति एकड़ 200 रूपए लेने का आरोप निराधार है।

## अवैध वसूली का आरोप, जांच के बाद कार्रवाई

# मोहला के पंचों की शिकायत पर उप सरपंच को हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम पंचायत मोहला के उपसरपंच अब्दुल खालिक खान को हटा दिया है। एसडीएम हेमेंद्र भुआर्य ने पंचायत राज अधिनियम की धारा 40 (ख) के तहत कार्रवाई की है।

ज्ञात हो कि मोहला मड़ई में मीना बाजार संचालको से कूट रचनाकार अवैध वसूली को लेकर ग्राम पंचायत में माहौल लंबे समय तक गरमाया रहा था। स्थिति यहां तक निर्मित हो गई थी कि ग्राम पंचायत के तमाम पंचों ने उपसरपंच के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कलेक्टर एवं जिला पंचायत के अधिकारी के समक्ष सामूहिक इस्तीफा देने ज्ञापन सौंपा था, जिसके बाद संबंधित अधिकारी ने जांच का आदेश देकर पूरे मामले को शांत कराया था। जांच पूर्ण होने के उपरांत उपसरपंच अब्दुल खालिक को उसके पद से हटा दिया गया है।

## चुनाव लड़ने पर रोक

### धारा 40 ख के तहत कार्रवाई

अनुविभागीय दण्डा अधिकारी हेमेंद्र भूआर्य ने जांच उपरांत मोहला मंडई में कूट रचना कर अवैध वसूली को लेकर पंचायत राज अधिनियम की धारा 40 (ख) के तहत उप सरपंच पद से अब्दुल खालिक खान को बर्खास्त कर दिया है जिसके बाद मोहला में जश्न का माहौल है।



### कूटरचना का आरोप

उप सरपंच अब्दुल खालिक के खिलाफ प्रशासन ने धारा 40 (2) के तहत उनके 6 वर्ष के लिए चुनाव लड़ने को लेकर बैन लगा दिया है। एसडीएम मोहला ने अवैध वसूली, फर्जी हस्ताक्षर, कूट रचना जैसे गंभीर कृत्यों से कांग्रेस नेता तथा मोहला के उपसरपंच अब्दुल खालिक की राजनीतिक रसूख को खत्म करते हुए अनुविभागीय दण्डाधिकारी ने बड़ी कार्रवाई की है।

# निर्माण में गड़बड़ी, शुरू हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर के वार्डों के लिए खेल सामाग्री खरीदी एवं ओपन जिम में गड़बड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। अधिकारी-कर्मचारियों ने कमीशन के चक्कर में निम्न स्तरीय सामग्री क्रय किया है जो अब कबाड़ में तब्दील हो गए हैं। कागजों में विकास कार्य और खरीदी को लेकर नगर पालिका सुर्खियों में बनी हुई है। रोज नए मामले सामने आने के बाद भी कार्यवाही तो दूर जांच भी नहीं हो रही है। लोगों का कहना है कि कांग्रेस शासनकाल में अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियों ने सांठगांठ कर विकास कार्यो के नाम से राशि का दुरूपयोग किया है। भाजपा सरकार आने के बाद भी इस मामले को लेकर जनप्रतिनिधि मौन है, जिसे लेकर जनता में नाराजगी बढ़ी है।

### हां शिकायत हुई है

पालिका के इंजीनियर रितेष स्थापक ने बताया कि कुछ मामले की शिकायत जेडी कार्यालय दुर्ग में हुई है जिसकी फाईल जेडी कार्यालय के प्रभारी को सौंप दी गई है। गौशाला कमेटी ने भी गार्डन में फर्जीवाड़ा की शिकायत की है, जिसकी जांच कराई जाएगी। वार्ड नं. 6 के 15 लाख की सीसी रोड़ निर्माण का अभी भुगतान नहीं हुआ है। दुर्ग जेडी कार्यालय के प्रमुख लोकेश्वर साहू ने बताया कि शिकायत की जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

### सड़क की जांच

जेडी कार्यालय दुर्ग ने वार्ड नं. 6 में 15 लाख की लागत वाली सीसी रोड़ में बरती गई अनियमितता के मामले को जांच में लिया है। पालिका उपचुनाव के पूर्व वार्ड नं. 6 में 15 लाख की सीसी रोड़, 10 लाख की नाली एवं 5 लाख के गार्डन निर्माण को राशि के दुरूपयोग का मामला प्रकाश में आया था। वर्तमान में सीसी रोड़ की जांच की जा रही है। इधर गौशाला की जमीन में बिना अनुमति के गार्डन निर्माण और अनियमितता, प्रायवेट जमीन पर बिना अनुमति के कार्य कराने पर गौशाला कमेटी के अध्यक्ष बिरेन्द्र अग्रवाल ने शिकायत किया है। कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि नगर पालिका ने चेकर टाईल्स लगाया है और संस्था द्वारा किए गए कार्यों के नाम से राशि का आहरण कर लिया है।

### कई कार्य में गडबड़ी

शहर के 24 वार्डों में डामरीकरण, सीसी सड़क, नाली निर्माण, चेकर टाईल्स, गार्डन निर्माण, सामुदायिक भवन, सेनेटाईजर खरीदी, अनाज खरीदी, डीजल पेट्रोल, एलम, कीटनाशक, ड्रोन लाइट, स्टेशनरी खरीदी, वाहन मरम्मत एवं अन्य खरीदी में गडबड़ी सामने आई है। पिछले 4 साल में हुए कार्यों की जांच की जाए तो कई बड़े गडबड़ी उजागर होगी। कई कार्यो का सत्यापन मूल्यांकन कर राशि का आहरण कर लिया गया है जबकि मौके पर काम हुआ ही नहीं है।

# दाखिले के लिए निकाली लॉटरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में रिक्त सीटों प्रवेश के लिए बुधवार को जनपद सीईओ नवीनकुमार, बीईओ आरएल पात्रे, नायब तहसीलदार झरना राजपूत, प्राचार्य जयंत साहू, अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रभारी स्वाति वर्मा, हिंदी माध्यम स्कूल प्रभारी राजेंद्र गणवीर, व्याख्याता बीएल देवांगन, प्रवेश प्रभारी संदीप वर्मा आदि की उपस्थिति में लाटरी निकालकर छात्र छात्राओं का चयन किया गया।

जानकारी के अनुसार स्कूल की विभिन्न कक्षाओं की 62 रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए 384 आवेदन मिले थे। कक्षा पहली की 22 सीटों के लिए 157, कक्षा दूसरी की 8 सीटों के लिए 47, कक्षा चौथी की 7 सीटों के लिए 46, कक्षा पांचवी की 10 के लिए 26, छठवी की 7 सीटों के लिए 65, कक्षा सातवी की 9 सीटों के लिए 24 आवेदन प्राप्त हुए थे। इसी प्रकार कक्षा आठवीं की 3 सीटों के लिए 19 आवेदन मिले है। बुधवार को अधिकारियों और पालकों की उपस्थिति में रिक्त सीटों के लिए लॉटरी के माध्यम से बच्चों का चयन किया गया। लॉटरी से चयनित बच्चों या पालकों को 16 से 20 मई तक सभी जरूरी दस्तावेज जमा करना होगा।

**गरीब छात्राओं को प्राथमिकता**–जानकारी के अनुसार कक्षा पहली बालिका वर्ग में दीक्षिता, रुहांशी, नव्या, खुशिका, रमिया, डाली, सिफाली, ईशाना, लावण्या, मोनिका, नोशिता, बीपीएल तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से तनुष्का, वेदांत, किंजल, प्रियांशी, हिमेश, ओपन वर्ग से महक, कुंचित, संदीप, वेनुश, कशिश और युक्ता का चयन हुआ है। कक्षा दूसरी में बालिका वर्ग में परिधि, अवनी, तन्वी, बीपी एल तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से दीपांशिका, सौम्या, ओपन वर्ग से पीयूष, कक्षा चौथी बालिका वर्ग में तेजस्विनी, धारणा, तनवी, बीपीएल तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से रूपाली, ओपन वर्ग से जीत, कक्षा पांचवी बालिका वर्ग में अनन्या, पूर्वांशी, तृषा, लाची, बीपीएल तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से दिव्यांशी, समर्थ, ओपन वर्ग से देवियांशी, तुषार, अनिरुद्ध का चयन हुआ है।

### चयनित विद्यार्थियों में खुशी की लहर

जानकारी के अनुसार कक्षा छटवी बालिका वर्ग में नैनसी, काव्या, वैष्णवी, बीपीएल तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से तनीषा, चित्रांशी, ओपन वर्ग से लक्ष्मी, सचिन, कक्षा सातवी बालिका वर्ग से तानिया, काव्या, पूर्वी, तनीषा, टीनू, बीपीएल तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से गौरव, तुसेल, ओपन वर्ग से अरुण केसरिया, अरुण साहू, कक्षा आठवीं बालिका वर्ग से उनिष्का, हिमानी, बीपीएल तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से गोविंद, ओपन वर्ग से सोनम का चयन हुआ है। प्राचार्य श्री साहू ने बताया कि वर्गवार विभिन्न कक्षाओं के लिए दस्तावेज नियमानुसार सही पाए जाने पर बच्चे को प्रवेश दिया जाएगा अन्यथा वेटिंग लिस्ट से क्रमानुसार अन्य बच्चो को मौका दिया जाएगा।

# लंबित प्रकरणों के निराकरण के निर्देश

## समय सीमा बैठक में कलेक्टर ने की विकास कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



कलेक्टर एस जयवर्धन ने सभाकक्ष में लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी लंबित प्रकारणों का निराकरण शीघ्र करना सुनिश्चित करें। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जन चौपाल, जन शिकायत, लोक सेवा गारंटी, कलेक्टर जनदर्शन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का निराकरण तय समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले हाट-बाजारों में फैलने वाले गंदगी व कचरा प्रबंधन के लिए पंचायत के माध्यम से कचरा संग्रहण व प्रबंधन कार्य को प्राथमिकता से करने कहा है। कलेक्टर ने निर्माण से संबंधित अधिकारियों से कहा कि स्वीकृत निर्माण कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कर पूर्ण कराए।

### किसानों को खाद बीज कराएं उपलब्ध

बैठक में कलेक्टर ने न्यायालयीन प्रकरणों से संबंधित दावा आपत्ति निर्धारित समय पर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने धान के उठाव व कस्टम मिलिंग की जानकारी ली। आगामी खरीफ फसल को ध्यान में रखते हुए किसानों को वितरित किये जाने वाले खाद-बीज का संग्रहण एवं वितरण व्यवस्था की भी जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि किसानों की मांग पर पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज का वितरण करना सुनिश्चित करें। सिंचाई पंप के लिए लगाए गये सोलर पैनल के प्रबंधन के साथ ही समय-समय पर आवश्यक सुधार व मरम्मत के कार्य को प्राथमिकता के साथ करने कहा गया है। बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को पदेय दायित्व का निर्वहन निष्ठा पूर्वक करते हुए विभागीय योजनाओ का सफल क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर कलेक्टर जितेंद्र सिंह पाटले, संयुक्त कलेक्टर प्रेमलता चंदेल, एसडीएम मानपुर अमित नाथ योगी, परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

**लाटरी से छात्रों का चयन-गंडई पंडरिया।** स्व.लाल मूरत सिंह खुशरो स्वामी आत्मानंद स्कूल अंग्रेजी-हिन्दी माध्यम में कक्षा पहली में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों का चयन 17 मई को लाटरी निकालकर होगा। प्रवेश के लिए 162 आवेदन मिले है। प्राचार्य पवन ददरिया ने बताया कि कक्षा 1ली के लिए 50 सीट रिक्त है जिसके लिए कुल 162 आवेदन प्राप्त हुए है जिसमे 128 छात्र ही प्रवेश के लिए पात्र है।

### चित्रगुप्त की विशेष आरती



**डोंगरगढ़।** गंगा सप्तमी को कायस्थ कुल के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त महाराज के अवतरण दिवस के अवसर कायस्थ जनों ने विशेष पूजन एवं आरती किया। इस दौरान कायस्थ समाज अध्यक्ष फगेन्द्र श्रीवास्तव, सुरेन्द्र श्रीवास्तव, सुधा श्रीवास्तव, धर्मेंद्र गोमास्ता, संजय श्रीवास्तव, अंजय निगम, कंचन निगम, राजेश श्रीवास्तव, अरूण श्रीवास्तव, विवेक श्रीवास्तव, प्रशांत श्रीवास्तव, सुधांशु बख्शी, निशा बख्शी, रितेश सक्सेना, नितिन बख्शी, सीमा बख्शी, मोहन श्रीवास्तव, संजीव गोमास्ता, नित्या बख्शी, स्वधा गोमास्ता, श्रेयान बख्शी, शिवांश बख्शी, श्रेयान्वी बख्शी सहित अन्य उपस्थित थे।

# जिपं सीईओ ने बच्चों को दिया मार्गदर्शन

## संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में हुई शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरूचि सिंह जेएमजे गायत्री विद्यापीठ राजनांदगांव में आयोजित नेशनल कैडेट कोर के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुई। सीईओ सिंह बच्चों को कैरियर काऊंसलिंग के दौरान योजनाबद्ध तरीके से मन लगाकर पढ़ने कहा। उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में मार्गदर्शन दिया। इस दौरान युवाओं द्वारा किए गए प्रश्न एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस मौके पर कैरियर गाइडेंस के लिए व्याख्यान का भी आयोजन किया गया।

इस अवसर पर लेफ्टिनेंट कर्नल विवेक कुमार दुबे, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, सूबेदार रितेश आर. नायर, लेफ्टिनेंट डिकेश्वर निषाद, सचदेवा कॉलेज भिलाई के कैरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट चिरंजीव जैन, सचदेवा कॉलेज भिलाई के करियर काउंसलिंग एक्सपर्ट गरिमा जैन, करियर काउंसलिंग एंकर श्रीमती दाक्षी साहू एवं कैडेट उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि 38वीं छत्तीसगढ़ एनसीसी बटालियन राजनांदगांव के तत्वावधान में जेएलएम गायत्री विद्यापीठ राजनांदगांव में 2 से 11 मई तक दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में राजनांदगांव, मानपुर-मोहला-चौकी एवं कवर्धा जिलों के 7 महाविद्यालय एवं 9 विद्यालय से लगभग 585 कैडेट प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए भाग लिया।

### खिलाड़ी रवाना



**राजनांदगांव।** गोवा में 15 से 17 मई तक आयोजित स्मॉल साइड फुटबाल नेशनल प्रतियोगिता के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों के 17 खिलाड़ियों ने अपना जौहर दिखाने राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन से रवाना हुए। उक्त खिलाड़ियों में उमंग हरिहरनो, वत्सल गेंढ़े, पवन गंढ़े, ओम यद्धु, प्रियांशु यद्धु, काव्य देवांगन, भावेश जैन, भावेश साहू, कुणाल हंसा, मयंक सिंह राजपूत, श्रेयांश सिन्हा, विवेक मेश्राम, यश शेंडे, अंश सोनी, कुबेर राजपूत, रोशन सिन्हा और विवेक सिन्हा शामिल हैं। वहीं छत्तीसगढ़ टीम के कोच की भूमिका में अखिलेश मिश्रा और अंकुर सिंह शामिल होंगे।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसिन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133



## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, खैरागढ़

//प्री–मानसून मेंनटेनेस हेतु बिजली बंद की सूचना//

समस्त सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है, कि (संचा./संधा.) संभाग खैरागढ़ के अंतर्गत आने वाले 33 के.व्ही फीडर एवं इस फीडर से संलग्न 33/11 के.व्ही उपकेन्द्रों एवं इस उपकेन्द्र से निकलने वाले 11 के0व्ही0 फीडरों/टेपिंग लाईनों के मानसून पूर्व रख–रखाव एवं अति–आवश्यक निर्माण कार्य के लिये निम्नानुसार विद्युत सप्लाई प्रातः 09.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक बंद रखी जावेगी।

| क्र. | दिनांक/दिन | 33/11 उपकेंद्र का नाम | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 16.05.2024 गुरूवार | 33/11 के.व्ही उपकेन्द्र, खैरागढ़ अतरिया, जालबांधा, साल्हेभर्री लिमो, बुन्देली, गण्डई उदयपुर | 11 के.व्ही. कुम्ही विक्रमपुर चिंगली बस्ती सब–स्टेशन मेन्टेनेंस(जालबांधा,जुरलाकला, बिरोड़ा ,विचारपुर, छुईखदान बस्ती, दरबार खपरी | अमलीडीह खुर्द एवं पाण्डादाह रोड, विक्रमपुर फीडर से विद्युत प्राप्त करने वाले समस्त ग्राम, भिमपुरी कुसमी मदनपुर जोरातराई भोरमपुर चिंगली कुकुरमुड, जुनवानी, गोदरी, परसुली, बोरी, बोदागढ, जालबांधा उपकेन्द्र से विद्युत प्राप्त करने वाले समस्त ग्राम, टोलागांव, दामरी, बोईरडीह, प्रकाशपुर, खुर्सीपार, आल्हानवागॉव, रूसे शिकारीटोला सबस्टेशन लिमो के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम, विचारपुर,भरदागोड,कुकुरमुडा,सीताडबरी ,मुरई, पुरैना, ढोडिया चकनार, नर्मदा, खैरा नवापारा ,संडी , बेलगांव , अतरिया रोड, खैरबना, गुमानपुर,दरबारखपरी, आमाघाटकादा , पदमावतीपुर. |
| 2. | 17.05.2024 शुक्रवार | 33/11 . उपकेन्द्र खैरागढ अमलीपारा, जालाबांधा साल्हेभर्री,साल्हेवारा, पैलीमेटा बुन्देली, झुरानदी, उदयपुर | 11 के.व्ही. टाउन फीडर लिमतरा, धीधा नया, बलदेवपुर बस्ती, 33 केव्ही साल्हेवारा पण्डरिया, घिरघोली, खैरी | विद्यानगर, दाऊचौरा, हॉस्पिटल चौक, टिकरापारा, मुस्कारोड, ठाकुरपारा राजफैमली, संडी ढोलिहाकन्हार पेन्ड्रीखुर्द मालुद गेड्रा गाढाडीह, शेरगढ, भफरा ,पोटिया, भोथी, धीधा (बस्ती), बढ़ईटोला, बलदेवपुर, भरदाकला, पेंड्रीकला, कट्हानवागॉव, साल्हेभर्री, धानीखुटा, आदित्य स्टोन क्रेशर, सबस्टेशन साल्हेवारा/पैलीमेटार के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम, पण्डरिया,ओटेबंध,लोधी नवागांव,जोम, तेन्दुभाठा,उदान ,चारभाठ घिरघोली, साखा, गमरा ,उर्तुली, चांपाटोला ,खैरी कुटेलीखुर्द |
| 3. | 18.05.2024 शनिवार | 33/11 उपकेन्द्र खैरागढ अमलीपारा, अतरिया जालबांधा, साल्हेभर्री, बुन्देली छुईखदान, उदयपुर | 11 के.व्ही. सिविल ला. मुड़पार, अतरिया बस्ती, जालबांधा नया, साल्हेभर्री सबस्टेशन, बुन्देली बस्ती, ग्रामीण बस्ती, उदयपुर | 11 के.व्ही. सिविल लाईन फीडर से विद्युत प्राप्त करने वाले समस्त वार्ड, मुड़पार, अतरिया, जालबांधा, पवनतरा, केकराजबोड, करमतरा (बस्ती), जुरला क्रशर, जुरला बस्ती, बलदेवपुर बस्ती फिडर के समस्त ग्राम, बुन्देली, मैन्हर, सुराडबरी, बीरूटोला, हांटबंजा, छिंदारी, कुलीकसा, रामपुरनवागांव, कोहलाटोला, बुढानभाट, उदयपुर |
| 4 | 20.05.2024 सोमवार | 33/11 उपकेन्द्र खैरागढ़ ,बैहाटोला, गंडई, बुन्देली छुईखदान, उदयपुर | 11 के.व्ही. कुम्ही, कोहकाबोड़, गंडई टाऊन. विचारपुर खार, उदयपुर कोटरा | सोनेसरार, माईलस्टोन स्कूल, अमलीपारा एवं घनेली क्षेत्र, कोहकाबोड फीडर से विद्युत प्राप्त करने वाले समस्त, गंडई टाउन फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम, विचारपुर, भरदागोड, कुकुरमुडा, सीताडबरी आमगांव, बिडौरी, कोडका, गोपालपुर ,सिलपटटी ,धारिया, कोटरा, बोरई, कुटेलीकला, ओढिया ,साल्हेकला |
| 5. | 21.05.2024 मंगलवार | 33/11 उपकेन्द्र खैरागढ मुढीपार, मंडला, जालाबांधा अमलीपारा, गंडई, झुरानदी, उदयपुर, बुन्देली, मण्डला | 11 के.व्ही. खैरागढ़ टाउन गर्रापार न्यू, खैरबना, पेटी नया, धनगॉव, गंडई ग्रामीण, झुरानदी ग्रामीण बस्ती, दरबार खपरी, घिरघोली खार, खैरबना | सोनेसरार बस्ती, किल्लापारा, ईतवारी बाजार, गर्रापार न्यू फीडर से विद्युत प्राप्त करने वाले समस्त, खैरबना, डोकराभांटा, बाजगुड़ा, टेकाडीह खोंघा, भुरसाटोला, ऐटीकसा, पेटी, घुमर्रा, बावली, मड़ौदा बिड़ौरी (बस्ती) देवारीभाट, सहसपुर, मुतेड़ा, नवागॉव, मदराकुही, पाण्डुका, गंडई ग्रामीण बस्ती फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम, बाईकटोरी ,भेण्डा, बाबूनवागांव, खुडमुडी,लझियाटोला,कानीमेरा हाटबंजा, बुढानभाठ ,छिंदारी दरबारखपरी, आमाघाटकादा , पदमावतीपुर (पंप लाईन), मुरई, कोर्राय, शाखा आवास पारा ,पुरैना, ढोडिया, खोंघा ,भुरसाटोला, ईटीकसा, पिरघाटोला |
| 6. | 22.05.2024 बुधवार | 33/11 उपकेन्द्र खैरागढ बैहाटोला, मुढीपार, अतरिया राहुद, अमलीपारा, गंडई बुन्देली, झुरानदी | 11 के.व्ही. कॉलेज बैहाटोला, गर्रापार पुराना अछोली पंप, सालिहा, धनगॉव बस्ती, लिमा, बुन्देलीखार, झुरानदी बस्ती फीडर | 11 के.व्ही. कॉलेज फीडर से विद्युत प्राप्त करने वाले समस्त वार्ड, बैहाटोला फीडर से विद्युत प्राप्त करने वाले समस्त ग्राम, गर्रापार पुराना फीडर से विद्युत प्राप्त करने वाले ग्राम, डुडा अछोली, सालिहा, कौड़िया, मुतेड़ा, गेन्ड्रा, (बस्ती) मालुद, पाण्डुका (पम्प), मुड़बहादुर, सोनभट्ठा, सलोनी एवं अवेली, गंडई सबस्टेशन से लिमो तक फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम, बुन्देली,मैन्हर,सुराडबरी, झुरानदी, कोटरीछापर,भोरमपुर |

नोट :– विद्युत प्रदाय बंद रहने के समय को आवश्यकतानुसार घटाया/बढ़ाया जा सकता है। असुविधा के लिए खेद है ।
"विद्युत बिलों का भुगतान नियत समय में करें, तथा विद्युत विच्छेदन की कार्यवाही से बचें

कार्यपालन अभियंता (संचा/संधा) संभाग
छ.स्टेट पावर डिस्ट्री. कंपनी लिमि. खैरागढ

हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, गुरुवार 16 मई 2024




# लाल आतंक को खत्म करने नक्सली कमांडरों के गांवों में पुलिस कैंप की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

पूरे भारतवर्ष में लाल आतंक के नाम पर आठवें स्थान पर दर्ज नवगठित जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 15 दिनों के भीतर माओवादियों के राजधानी सहित नक्सली कमांडरों के गांव में लाल आतंक को काबू में करने पुलिस कप्तान यशपाल सिंह के नेतृत्व में सीधे तौर पर तीन-तीन पुलिस कैंप की स्थापना की गई है।

उल्लेखनीय की 1980 के दशक में नक्सलियों का पहला पदार्पण मानपुर के बीहड़ क्षेत्र मदनवाड़ा एरिया में हुआ, तब से अब तक माओवादियों का लाल साम्राज्य मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी इस नवगठित जिले में चलते आ रहा है। 44 सालों के भीतर अब तक नक्सलवाद द्वारा करोड़ों रुपए के संपत्तियों को फूंकने के साथ-साथ यहां निवासरत पटेल, कोटवार, गांव के होनहार युवक, स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ तत्कालीन एसपी वीके चौबे सहित बेहद संख्या में सुरक्षा बल के जवानों ने अपनी जान की आहुति दी है। इस पिछड़े इलाके में समय बीतने के साथ-साथ अब नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षा एजेंसियों ने व्यापक कदम उठाना शुरू कर दिया है। पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह के नेतृत्व में और एएसपी आईपीएस मयंक गुर्जर के मार्गदर्शन में 15 दिनों के भीतर नक्सलवाद पर अंकुश लगाने मानपुर के अति संवेदनसील गांव ग्राम पीटेमेटा आमाकोडो, नवागांव, औंधी तथा संबलपुर में पुलिस कैंप की स्थापना कर फोर्स डेवलप किया गया है।

### नक्सल इलाकों के गांवों में अब शुरू होगा विकास काम

सीतागांव थाना क्षेत्र के पीटेमेटा, आमाकोडो गांव में पुलिस कैंप की स्थापना की गई है। मदनवाड़ा एलओएस कमांडर लोकेश सलामे, पत्नी रीता सलामे, मोहला एलओएस कमांडर विनोद घावडे आमाकोडो निवासी हैं। जिनके गांव में नए पुलिस कैंप की स्थापना की गई है। यहां अब विकास काम शुरू किए जाएगें।

### 15 दिनों के भीतर वनांचल में पुलिस कैंप शुरू



**नक्सलवाद पर शिकंजा**

15 दिनों के भीतर संबलपुर, पीटेमेटा, नवागांव में नए कैंप की स्थापना की गई है, जहां से नक्सलवाद पर सीधे नजर रखी जाएगी।

- **वाईपी सिंग**, एसपी मोहला-मानपुर

**माना जाता है नक्सल राजधानी** : महाराष्ट्र बॉर्डर से लगे संबलपुर, बुकमरका, पीटेमेटा और औंधी एरिया के नवागांव क्षेत्र को नक्सलियों का सुरक्षित पैठ वाला इलाका माना जाता है। माओवादी संगठन का इन गांव में देर सबेर काफी चहल-कदमी रहता है। इसके साथ ही इन इलाकों को नक्सलियों का राजधानी भी कहा जाता है। यहां पुलिस कैंप खुलने से अब नक्सल मोमेंट पर सीधे नियंत्रण होगा।

### 1995 में थाना लूट, एसपी सहित 29 जवानों ने दी शहादत

माओवादी संगठन के अब तक 44 सालों का प्रभाव कुरेदने पर 1995 में मानपुर थाना की बेधड़क लूट की गई थी। नक्सलियों ने तीन भाजपा मंडल अध्यक्ष, बेहद संख्या में जनप्रतिनिधि, कोटवार, पटेल, दूरस्थ अंचल के होनहार युवकों को मुखबीर के शक में मौत के घाट उतार दिया है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश को हिला देने वाली घटना जुलाई 2012 मानपुर कोरकोट्टी वारदात में तत्कालीन एसपी वीके चौबे सहित 29 जवानों ने इस इलाके में शांति और कानून व्यवस्था बनाने के प्रयास के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी।

## खबर संक्षेप

### विस अध्यक्ष रमन सिंह आज शहर में



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह का कल 16 मई को शहर आगमन हो रहा है। इस दौरान वे एक संक्षिप्त कार्यक्रम भाग लेंगे।

भाजपा मीडिया सेल के अनुसार डॉ. रमन सिंह कल 16 मई को सुबह 11 बजे अपने रायपुर स्थित मौलश्री विहार से प्रस्थान कर दोपहर 12.30 बजे जीई रोड स्थित स्थानीय विधानसभा अध्यक्ष निवास पर आएंगे तथा यहां से एक घंटे पश्चात कंचनबाग में नवनिर्मित जलाराम मंदिर के भव्य प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेंगे। वे दोपहर 1.30 बजे कंचनबाग से वापस जीई रोड स्थित अपने निवास स्थान पर आएंगे।

वे शाम 5 बजे रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। सूत्रों ने बताया कि रेलवे फाटक के पास तुलसीपुर में रेड कार्रवाई कर आरोपी मुकेश साहू पिता धनीराम साहू 30 वर्ष के कब्जे से 32 पौवा देशी शराब कुल 5.760 बल्क लीटर कीमती 2880 रुपए एवं बिक्री रकम 300 रुपए जुमला कीमती 3180 रुपए जब्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी का कृत्य आबकारी अधिनियम के धारा 34 (2) के तहत अपराध सबूत पाए जाने से अपराध क्रमांक 289/24 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में न्यायालय में पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। कोतवाली टीआई एमन साहू का कहना है कि आगे भी अवैध शराब बिक्री में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

### अविभाजित जिले में 28 शराब दुकानें, 24 के लिए हुआ था टेंडर

# अंतिम मोहलत से पहले चार अहाते के लिए जमा नहीं हुई राशि, अब दोबारा होगा टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

प्रदेश सरकार के निर्देश के बाद राजनांदगांव सहित खैरागढ़ और मोहला-मानपुर स्थित शराब दुकानों के बाहर अहाते लगाने के लिए टेंडर किए गए थे। अविभाजित जिले की कुल 28 शराब दुकानों में से 23 के लिए बोली लगी और टेंडर खोले गए। अहाते लेने के लिए बोली लगाने वाले लोगों को 14 मई तक राशि जमा करने का समय दिया गया था, लेकिन अंतिम मोहलत तक 23 में से चार दुकानें ऐसी रही। जिनका अहाता मिलने के बाद भी संबंधित आवेदक ने राशि जमा नहीं है। अब इन चार दुकानों के साथ ही जिन दुकानों के लिए आवेदन नहीं आए थे, उनका दोबारा से टेंडर किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में सरकार बदलने के बाद मौजूदा साय सरकार ने सरकारी शराब दुकानों के बाहर अहाते लगाने का निर्णय लिया था। जिसके बाद मार्च महीने से आवेदन की प्रक्रिया शुरू की गई थी। आवेदन आने के बाद हाल ही में टेंडर खोले गए। जिसमें अलग-अलग दुकानें अलग-अलग दर पर नीलाम हुई।

मोटी रकम खर्च कर टेंडर लेने वाले लोगों में से चार ने टेंडर मिलने के बाद भी राशि जमा नहीं की। जिसके चलते उन दुकानों में अहाता चलाने के लिए उन्हें लाईसेंस जारी नहीं किया गया है। इनमें राजनांदगांव शहर की बायपास मंडी स्थित देशी व विदेशी दुकान के साथ खैरागढ़ की गंडई और मोहला-मानपुर के मानपुर स्थित दुकानें शामिल है।



### राजनांदगांव जिले में 16 दुकानें

राजनांदगांव जिले में कुल 16 शराब दुकानें हैं। इन सभी के लिए अहाता लेने आवेदन मंगाए गए थे। जिनमें से 13 दुकानों में अहाते के लिए आवेदन आने के बाद उनकी नीलामी हुई थी। केवल छुरिया और बागनदी स्थित तीन दुकानों के लिए कोई फार्म नहीं आया था, लेकिन टेंडर लेने के बाद भी अंतिम दिन 11 अहाते के लिए पैसा जमा हुआ है। मंडी बायपास की दोनों दुकानों की राशि जमा नहीं हुई है। इन दुकानों के लिए नीतिन रुपचंद भिमनानी ने 45 और 39 लाख की बोली लगाई थी। जिसके चलते अब छुरिया, बागनदी, मंडी देशी और मंडी अंग्रेजी की नीलामी फिर से होगी। यह 11 दुकानों के ठेकेदारों से कुल 34 लाख रुपए जमा हुआ।

### केसीजी में दो की फिर नीलामी

*खैरागढ़ जिले में देशी-विदेशी मिलाकर कुल आठ दुकानों के लिए नीलामी प्रक्रिया हुई थी। इनमें सात दुकान के लिए आवेदन आए थे। जबकि मुढ़ीपार अहाते के लिए कोई आवेदन नहीं आए। टेंडर होने के बाद इन सात में से छह दुकानों के लिए पैसा जमा हुआ है। गंडई की दुकान के लिए पैसा जमा नहीं हुआ। इस तरह यहां मुढ़ीपार और गंडई के अहाते की फिर से नीलामी होगी।*

### मानपुर में फिर नीलामी

*वनांचल जिला मोहला-मानपुर की सभी चार शराब दुकान के लिए आवेदन आने के बाद यहां नीलामी प्रक्रिया की गई थी। नीलामी के बाद 14 मई तक राशि जमा करने की मोहलत थी, लेकिन यहां तीन दुकानों के लिए पैसा जमा हुआ है। मानपुर अंग्रेजी शराब अहाते के लिए राशि जमा नहीं हुई है। यहां मानपुर की दुकान की फिर से नीलामी होगी।*

### 15 जून तक जमा करनी होगी बैंक गारंटी

मिली जानकारी के अनुसार एक माह की प्रतिभूति राशि जमा करने के बाद ठेकेदारों को लाईसेंस जारी कर दिया गया है। यह केवल मई महीने की राशि है। इसके बाद अब उन्हें 15 जून तक दो माह की राशि बैंक गारंटी के रूप में जमा करनी होगी। ऐसा नहीं करने पर ठेकेदार का टेंडर निरस्त भी किया जा सकता है।

### एक महिला कर्मी घायल

# करंट की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

शहर के चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत आज दोपहर एक मजदूर युवक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं मौके पर कार्य कर रही एक अन्य महिला मजदूर इस हादसे में घायल हुई है। मामले की सूचना के बाद पुलिस ने जांच कार्रवाई शुरू की है।

राजनांदगांव शहर के चिखली पुलिस चौकी के समीप प्लाटिंग कार्य चल रहा है, जहां लगभग एक माह से शहर के शासकीय मुद्रणालय के पीछे झुग्गी बस्ती में निवास करने वाला 35 वर्षीय जागेश्वर साहू कार्य कर रहा था। आज दोपहर वह इस प्लाटिंग क्षेत्र में लोहे का पोल गड़ा रहा था। इस दौरान लोहे के पोल की ऊंचाई अधिक होने के चलते वह ऊपर से गुजर रही विद्युत तारों की चपेट में आ गई। जिससे पोल को पकड़े हुए जागेश्वर साहू को करंट लग गया। वहीं उसके साथ कार्य कर रही महिला भी इसकी चपेट में आ गई। इस दौरान जागेश्वर साहू की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि महिला मजदूर इस हादसे में घायल हुई है। इस घटना के बाद चिखली के वार्डवासियों ने घटना स्थल पहुंचकर आक्रोश भी जताया।

**मर्ग कायम**

करंट लगने से एक मजदूर की मौत हुई है। इस घटना में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

- **नरेश बंजारे**, प्रभारी चिखली चौकी

### परिजनों ने मांगा मुआवजा

घटनास्थल पर कार्य कर रहे मनोज साहू ने बताया आसपास काम करने वाले लोगों की चीख-पुकार सुनकर जब वह मौके पर पहुंचा तो एक मजदूर की मौत हो चुकी थी और महिला मजदूर घायल थी। इस हादसे की सूचना मिलने के बाद मृतक के मोहल्लेवासी भी मौके पर पहुंचे और मृतक की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने और उसके दो छोटे बच्चे होने के चलते उचित मुआवजे की मांग की है।

# एसपी के चेंबर से जिले के थानों की 72 सीसीटीवी कैमरे से नजर

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश के परिपालन में थाने हाईटेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर जिले के सभी थानों में नाईटविजन रिकार्डिंग वीडियो, आडियो सीसीटीवी कैमरा लग गया है। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के दफ्तर से सभी थानों की निगरानी भी की जा रही है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के आदेश के परिपालन में पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रदत्त जिला राजनांदगांव के 12 थानों में कुल 72 सीसीटीवी कैमरा लगे हैं। जिला राजनांदगांव के सभी थानों में नाईटविजन रिकार्डिंग वीडियो, ऑडिया सीसीटीवी कैमरा लगा है, जो सीधे पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के चेम्बर से जुड़े हैं। प्रत्येक थाना में 01 यूपीएस एवं 01 टीवी के साथ 6 नग नाईटविजन रिकार्डिग वीडियो, ऑडिया सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है, जो सुचारू रूप से संचालित है। जिसका वीडियो, ऑडियो रिकार्डिंग लगभग डेढ़ साल तक संग्रहित करने की क्षमता है। थानों में जो भी गतिविधियां हो वह सुरक्षित रहेगी। जिसकी आवश्यकता पड़ने पर उपयोग किया जा सकेगा और पारदर्शिता में भी वृद्धि होगी। थाने में कैमरे लगने के बाद पुलिस के अधिकारियो की कार्यप्रणाली भी रिकार्ड होगी। डेढ़ साल तक इसे देखा जा सकता है।




### थानेदारों में मची खलबली

जिले के सभी थानों में आडियो के साथ सीसीटीवी कैमरे लगने के बाद थानेदारों में खलबली मची है। कैमरे लगने के बाद यह पता चल पा रहा है कि थानेदार थाने में कब रहते हैं। यही नहीं पुलिस कर्मियों द्वारा थाना में फरियादियों से किस तरह का व्यवहार किया जा रहा है। इसकी भी जानकारी मिल रही है।

# नर्सरी में तैयार हो रहे खिलाड़ी, हाथ में स्टिक लेकर मैदान में पसीना बहा रहे दौ सौ बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

हॉकी की नर्सरी राजनांदगांव में भविष्य के राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी तैयार करने के लिए ग्रीष्मकालीन हॉकी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शहर के अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में किया जा रहा है, जहां प्रतिदिन सुबह और शाम लगभग 200 बच्चे हॉकी खेल कला प्रशिक्षण ले रहे हैं।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग, खेलो इंडिया और राजनांदगांव जिला हॉकी संघ के संयुक्त तत्वावधान में हॉकी की नर्सरी राजनांदगांव से नए हॉकी खिलाड़ियों को तराशने के उद्देश्य से ग्रीष्मकालीन हॉकी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस निःशुल्क हॉकी प्रशिक्षण शिविर में लगभग 200 बालक-बालिका प्रतिदिन सुबह-शाम हॉकी खेल कला का प्रशिक्षण ले रहे हैं।

राजनांदगांव शहर के अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित इस ग्रीष्मकालीन हॉकी प्रशिक्षण शिविर को लेकर खेलो इंडिया के हॉकी प्रशिक्षक शकील अहमद ने बताया कि युवा कल्याण विभाग और जिला हॉकी संघ के सहयोग से यहां बच्चों को हॉकी स्टिक और जूते दिए जा रहे हैं। वहीं हॉकी प्रशिक्षण लेने वाले बच्चों का कहना है कि उन्हें हॉकी खेल का बेहतर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस खेल के माध्यम से वे अपने भविष्य को संवारना चाहते हैं।

### दो-दो घंटे की ट्रेनिंग

यहां निःशुल्क हॉकी का प्रशिक्षण दिया जाता है, ग्रीष्मकालीन अवसर पर विशेष प्रशिक्षण के लिए जिला हॉकी संघ के सहयोग से खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा इस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यहां जूनियर, सब-जूनियर के लगभग 200 बच्चे को दो-दो घंटे का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**फिरोज अंसारी**, अध्यक्ष प्रदेश हॉकी संघ

### शहर ने दिए राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी



राजनांदगांव में हॉकी खेल के प्रति यहां के बच्चों में काफी रूचि रहती है। यहां छोटे-छोटे बच्चों के हाथों में हॉकी स्टिक देखा जा सकता है। यही कारण है कि राजनांदगांव को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद ने हॉकी की नर्सरी का नाम दिया था। इस हॉकी के नर्सरी से कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी निकल चुके हैं, जो ओलंपिक तक में अपनी खेल कला का जौहर दिखा चुके हैं। वहीं इस ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से यहां से और हॉकी खिलाड़ी तैयार करने के उद्देश्य से बच्चों को हॉकी खेल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### पांच वर्ष से अधिक के बच्चों को प्रशिक्षण

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में दी जा रही इस ग्रीष्मकालीन हॉकी प्रशिक्षण शिविर में 5 वर्ष आयु सीमा से अधिक के बच्चों को प्रशिक्षण हेतु प्रवेश दिया गया है, जहां इन भविष्य के हॉकी खिलाड़ियों को तराशकर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए उन्हें दक्ष किया जाएगा।

### लगातार हादसे के बावजूद अब तक ठोस प्लान नहीं

# सर्विस लेन की कम चौड़ाई व ट्रकों की बेतरतीब पार्किंग से हादसे, ट्रैफिक सिग्नल की भी जरुरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

शहर के राम दरबार चौक में मंगलवार को फिर एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई है। इससे पहले भी सड़क हादसों में इस स्थान पर कई जान जा चुकी है। जिसके बाद भी प्रशासन सजग होता नहीं दिखाई दे रहा है। जबकि राम दरबार चौक में नेशनल हाईवे की दोनों ओर बने सर्विस लेन की कम चौड़ाई और वहां खड़ी रहने वाली ट्रकों की लगातार शिकायत सामने आती रही है।

इस चौक में होने वाले अधिकांश हादसे की वजह सड़क की कम चौड़ाई और बेतरतीब खड़े रहने वाले ट्रक ही रहे हैं। इसके अलावा चौक में पहले एक ट्रैफिक सिग्नल लगाया गया था, लेकिन पिछले कुछ समय से उसे हटा दिया गया है। सिग्नल नहीं होने से भी चौक में वाहनों पर कंट्रोल नहीं हो पा रहा है। सड़क हादसों में लगाम लगाने के लिए ट्रैफिक सिग्नल की भी इस चौक में जरूरत है। कई दफा इन बिंदुओं को लेकर प्रशासन से सुधार की अपील की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। वहीं इस चौक में हर कुछ दिनों में ऐसे सड़क हादसे देखने को मिल रहे हैं। जिनमें लोगों के घायल होने के साथ ही मौत भी हो रही है।



### एफसीआई में जमा करने ट्रकों की कतार

राम दरबार चौक में सर्विस रोड पर बड़ी संख्या में ट्रकें आम तौर पर पार्क हुए नजर आ जाती है। एफसीआई में चावल जमा करने के लिए आने वाली इन ट्रकों की वजह से भी सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है और हादसे का यह कारण बन रही है।


**आवश्यक सूचना**

**हरिभूमि**

**पाठक पुरस्कार योजना**

के सम्माननीय विजेताओं से आग्रह है कि अपना उपहार हरिभूमि कार्यालय राजनांदगांव में संपर्क कर प्राप्त कर लेवें।

उपहार प्राप्त करने अपने आधार कार्ड की फोटोकापी, मासिक बिल और पावती ( ग्राहक प्रति), साथ में लावें।

उपहार प्राप्त करनें का समय
सुबह 11 से शाम 5 बजे तक

स्थान : हरिभूमि जिला कार्यालय
दुर्गा चौक, राजनांदगांव (छ.ग.)
मो. 9425565082

स्थान : हरिभूमि जिला कार्यालय
एकता चौक कवर्धा (छ.ग.)
मो. 8889139071

**संजीवनी**

राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

**सामान्य सर्जरी** General Surgeon

- सभी प्रकार के हार्निया का ऑपरेशन
- अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- पित्त की थैली का ऑपरेशन
- मुत्राश्य की पथरी का ऑपरेशन
- बवासीर, भगंदर का ऑपरेशन
- छोटी एवं बड़ी आंत की बीमारियों का ऑपरेशन
- अमाशय एवं अग्नाशय की बीमारियों का ऑपरेशन
- हाइड्रोसील का ऑपरेशन
- हाई टेक आईसीयू एवं सीसीयू
- अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
- हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए
- 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से एनजीओप्लास्टी की सुविधा

OPD 10 AM to 4.00 PM

आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## सार समाचार

### सीबीएसई 10वीं बोर्ड में समृद्धि को मिले 86 प्रतिशत अंक



**राजनांदगांव।** सीबीएसई 10वीं बोर्ड के नतीजों में स्थानीय वाइडनर की छात्रा समृद्धि मेश्राम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते 86 प्रतिशत अंक हासिल किए। इस सफलता के जरिये छात्रा ने स्कूल का मान बढ़ाया। सभी विषयों में समृद्धि ने बेहतर अंक अर्जित किए। जिसमें हिन्दी में 94, अंग्रेजी में 88, मैथेमैटिक्स स्टेंडर्ड में 83, विज्ञान में 74 और सोशल साइंस में 80 अंक प्राप्त किए। समृद्धि प्रारंभ से ही होनहार छात्रा रही है। इस सफलता पर समृद्धि को बधाई और शुभकामनाएं मिल रही है। छात्रा ने इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य, शिक्षक और पालकों और परिजनों को श्रेय दिया है। समृद्धि स्थानीय बसंतपुर निवासी प्रवीण मेश्राम और माधवी मेश्राम की सुपुत्री है। समृद्धि के अच्छे अंक प्राप्त करने से उन्हें शिक्षकों और शुभचिंतकों से बधाईयां मिल रही है।

### भाजपा 400 के लक्ष्य को करेगी पार : पारख



- भारत विश्व गुरू बनने की दिशा में अग्रसर

**राजनांदगांव।** भाजपा के लोकसभा चुनाव के सह-समन्वयक खूबचंद पारख ने कहा कि भारत की राजनीति में वर्तमान दौर में हो रहे लोकसभा चुनाव के निर्णय से विश्व जगत में भारत की स्थिति तय करेगी। उन्होंने कहा कि आज दो विचारधाराओं की लड़ाई इस चुनाव में चल रही है। सकारात्मक विचारधारा के अनुसार मोदी 400 के आंकड़े को पार करते 405 सीट लाकर भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने की दिशा की ओर अग्रसर होंगे और विपक्षी महा ठग गठबंधन की करारी हार होगी।

श्री पारख ने कहा कि कांग्रेस को कोई भी काम अच्छा नहीं लगता। कोई जिम्मेदारी दी जाती है तो कांग्रेस उसे अव्यवस्था-आराजकता का शिकार बना देती है।

देश आजाद हुआ 1947 में और देश में कांग्रेस की सरकार बनी तो देश को समद्धि की ओर ले जाने के बदले देश को अव्यवस्था, आराजकता, जातिवाद, भाषावाद, क्षेत्रवाद, आतंकवाद, नक्सलवाद और भ्रष्टाचार की ओर ढकेल दिया। श्री पारख ने कहा कि 1947 के बाद जब पाकिस्तान बड़ी अकड़ के साथ भारत से अलग हुआ था, आज वहां की 20 करोड़ आबादी के पास अनाज का संकट है और मोदी करीब साढ़े चार वर्ष से 80 करोड़ जनता को अनाज दे रहे हैं वो भी मुफ्त। ये आगामी 5 साल तक जारी रहेगा, बल्कि 10 वर्ष पूर्व पाकिस्तान की जो अकड़ थी, मोदी ने सर्जिकल स्ट्राइक एवं नोटबंदी कर उस अकड़ को समाप्त कर दिया है।

आज बलूचिस्तान एवं पाक अधिकृत कश्मीर की जनता सड़कों में आ गई है और पाक के खिलाफ आंदोलन कर रही है। भारत ने भी कह दिया है कि कश्मीर का वह हिस्सा शुरू से ही भारत का अभिन्न अंग है और भारत उसे लेकर रहेगा।

पारख ने कहा कि युवाओं, महिलाओं, किसान, गरीब मजदूरों की बेहतरी और खुशहाली के लिए मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना तो जरूरी है। साथ ही 400 के लक्ष्य को पार करेंगे, तभी देश प्रगति पथ पर अग्रसर हो पाएगा और 4 जून को देश के जागरूक मतदाता मोदी को यह आशीर्वाद देने वाले हैं, यह तय है।

### पर्यवेक्षकों को प्रथम चरण का दिया गया प्रशिक्षण

# मतगणना प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से करें संपन्नः कलेक्टर

- 4 जून को की जाएगी मतगणना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल की उपस्थिति में बुधवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना के लिए मतगणना पर्यवेक्षकों को मतगणना प्रक्रिया के संबंध में प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर अग्रवाल ने बताया कि 4 जून को मतगणना छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउस कार्पोरेशन गंज मंडी बसंतपुर राजनांदगांव में की जाएगी। मतगणना अधिकारी-कर्मचारियों को सुबह 7 बजे तक मतगणना स्थल के मतगणना टेबल में उपस्थित होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि मतगणना बहुत जिम्मेदारी वाला कार्य है।

कलेक्टर ने मतगणना अधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं सजगता के साथ मतगणना कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतगणना प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करें। जिससे किसी भी स्थिति में पुर्नगणना की स्थिति बिल्कुल भी निर्मित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो दायित्व दिया गया है, उसे तत्परता के साथ पूरा करना है। उन्होंने मतगणना कार्य को शत-प्रतिशत सही एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मतगणना स्थल पर मोबाईल एवं इलेक्ट्रानिक गैजेट का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर ने गणना अधिकारियों को उनके कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मतगणना केन्द्र एवं मतगणना कक्ष के आधारभूत संरचना एवं आदर्श बैठक व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतों की गणना विधानसभावार अलग-अलग कक्षों में की जाएगी। प्रत्येक कक्ष में गणना हेतु 14-14 टेबल की व्यवस्था की गई है। मतगणना कक्ष में जाली के बाहर मतगणना अभिकर्ता उपस्थित रहेंगे, जो मतगणना कार्य को प्रत्येक गतिविधियों का अवलोकन करेंगे। उन्होंने स्ट्रांग रूम में किए जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल पर अधिकारी-कर्मचारियों तथा उम्मीदवारों एवं उनके अभिकर्ताओं के प्रवेश हेतु अलग-अलग रास्ता बनाया गया है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतगणना अधिकारियों को परिचय पत्र जारी किया जाएगा, जिसे लाना अनिवार्य होगा। इसके बिना किसी को भी प्रवेश नहीं दिया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा ने कहा कि मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मतगणना तिथि को निर्धारित समय पर उपस्थित होना अनिवार्य है। उन्होंने गणना अधिकारियों को अपने टेबल में उपस्थिति की जानकारी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को अनिवार्य रूप से देने कहा। मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मतगणना स्थल में प्रवेश हेतु 2 जून तक अपना प्रवेश पास अनिवार्य रूप से प्राप्त करने कहा। मतगणना तिथि 4 जून को सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अपना प्रवेश पास के साथ मतगणना स्थल में पहुंचना अनिवार्य है। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि डाकमत पत्रों के माध्यम से प्राप्त वोट की गणना पहले की जाएगी। ऐसे डाकमत पत्र जो रिजेक्ट किए जाएंगे उसे अलग से रखा जाएगा। ईटीपीबीएस के संबंध में जानकारी दी गई। बताया गया कि सिलिंग कार्य महत्वपूर्ण है तथा रिटर्निंग ऑफिसर इस पर विशेष ध्यान देते कार्य करेंगे। इस दौरान सभी अधिकारियों ने मतगणना कार्य के लिए प्रेक्टिकल करके देखा तथा मतगणना कार्य के दौरान आने वाली शंकाओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, खेमलाल वर्मा, रिटर्निंग अधिकारी, सहायक निटर्रिंग अधिकारी एवं मतगणना कार्य में लगे अधिकारी उपस्थित थे।




#### मतगणना सबंधी नियमों–निर्देशों की दी जानकारी

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स कैलाश शर्मा एवं दीपक ठाकुर द्वारा ईटीपीबीएस, डाकमत पत्र, ईव्हीएम एवं वीवीपैट की मतगणना के सबंध में आवश्यक नियमों एवं निर्देशों के बारे में बारीकी से जानकारी दी। उन्होंने मतगणना की गोपनीयता को बनाए रखने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आवश्यक नियमों एवं निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ईटीपीबीएस, डाकमत पत्रों एवं ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। डाक मतपत्रों की गणना, ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना, मतगणना पूर्ण होने के पश्चात ईव्हीएम और निर्वाचन सामग्री को सील करना, परिणामों की घोषणा और अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया। मतगणना कार्य के साथ ही टेबुलेशन, ईव्हीएम एवं अन्य प्रपत्रों की सीलिंग के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान मतगणना की बारीकियों को बताया गया।

### संभागायुक्त ने अस्पताल का निरीक्षण कर लिया जायजा



**राजनांदगांव।** संभागायुक्त दुर्ग संभाग सत्यनारायण राठौर ने शासकीय मेडिकल कॉलेज संबद्ध चिकित्सालय पेंड्री राजनांदगांव का संयुक्त निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, शासकीय मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. रेणुका गहिने उपस्थित रहे।

संभागायुक्त दुर्ग संभाग श्री राठौर ने केजुएल्टी वार्ड, ओटी एवं सर्जिकल वार्ड का अवलोकन किया। इसके साथ ही मरीजों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की। उन्होंने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल के किचन को मॉड्यूलर किचन बनाने अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध मिलना चाहिए। उन्होंने मेडिकल कॉलेज संबद्ध चिकित्सालय में भर्ती मरीजों से बात कर अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने ओपीडी का अवलोकन कर प्रतिदिन आने वाले ओपीडी और आईपीडी की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज बहुत अच्छा बना है। यहां स्वास्थ्य को ध्यान में रखते एक अच्छी अधोसंरचना बनी है। इसका सही तरीके से उपयोग करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने हॉस्पिटल की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अधीक्षक शासकीय मेडिकल कॉलेज प्रदीप बेक, सहायक अधीक्षक डॉ. पवन जेठानी सहित चिकित्सक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# हमारा संकल्प मिट्टी के गोले की तरह होना चाहिए वो जितना तपेगा उतना निखरेगा

### तेरापंथ भवन में चल रहा है सुधाकर मुनि का प्रवचन

- जो संकल्प में डटे रहे वह निकल गए और निखर गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युग प्रधान गुरुदेव आचार्य श्री महाश्रमण के सुशिष्य मुनिश्री सुधाकर ने कहा कि संकल्प चार गोलों की तरह के होते हैं। पहला मोम का गोला, दूसरा काष्ट का गोला, तीसरा लोहे का गोला और चौथा मिट्टी का गोला। हम जैसा संकल्प करते हैं, वैसे ही सृष्टि बन जाती है, जो संकल्प में डटे रहे वह निकल गए और निखर गए।

तेरापंथ भवन में आज अपने नियमित प्रवचन में सुधाकर मुनि ने कहा कि मोम के गोलों की तरह कुछ लोगों का संकल्प होता है, जो आग के सामने आते ही पिघल जाता है। इसी तरह कुछ लोगों का संकल्प थोड़ी सी मुसीबत आती है तो काष्ट के गोले की तरह जल जाता है और थोड़ी ज्यादा मुसीबत आती है तो वह लोहे के गोले की तरह पिघल जाता है, किन्तु मिट्टी का गोला कितनी ही आग रहे, वह तपकर और मजबूत हो जाता है, निखर जाता है। मिट्टी के गोले की तरह का संकल्प जितनी भी मुसीबत आ जाए, वह तपकर और मजबूत होता जाता है।

मुनिश्री सुधाकर ने कहा कि हमारा संकल्प मिट्टी के गोले की तरह होना चाहिए। उसे जितना तपाया जाएगा, वह उतना ही निखरता जाएगा। उन्होंने कहा कि जीवन संघर्ष है, जीवन तपता तब कहीं जाकर वह निखरता है।

उन्होंने कहा कि जो चलता है, भाग्य भी उसका चलता है और जो रूकता है भाग्य भी उसका रूक जाता है। इसी तरह जो सोता है भाग्य भी उसका सो जाता है। जप और तप में यदि आपका संकल्प दृढ़ नहीं है तो आप बिखरकर टूट जाएंगे। संकल्प बल की कमजोरी ही असफलता का सबसे बड़ा कारण है। मुनिश्री सुधाकर ने कहा कि मानव जन्म से नहीं वरन कर्म से महान होता है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति "यू" जैसी है। हम जितना पुण्य-पुण्य-पुण्य करते जाएंगे, वह एक छोर में भरता जाएगा और हमारा पाप दूसरे छोर से निकलता जाएगा। साधु-साध्वियों को जीवन मिलता है तो वह सोचते हैं कि वे अपने पाप को यहीं भोगकर जाएं।

उन्होंने कहा कि जो रसना में विजय प्राप्त कर लेता है, वही द्रव्य त्याग पाता है। हम धर्म करते हैं और धर्म करने में किसी की सहायता करते हैं तो हमारा पुण्योदय होता है। धर्म ध्यान भी हम तभी कर पाते हैं, जब हमारा पुण्योदय होता है। इससे पूर्व नरेश मुनि ने कहा कि अपनी इच्छाओं पर नियंत्रण करना ही वरण है।

समय रहते ही अपना काम कर लो, धर्म ध्यान कर लो। आज प्रवचन में शांत क्रांति संघ के अध्यक्ष सूरजमल गिडिया, श्रमण संघ के शिव कुमार संचेती और समाजसेवी तेजकरण श्रीश्रीमाल उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्रों का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने वजन त्यौहार के पहले दिन सोमवार को राजनांदगांव शहर के शंकरपुर व कन्हारपुरी वार्ड के आंगनबाड़ी केन्द्र तथा ग्राम सुंदरा के आंगनबड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। कलेक्टर अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में बच्चों के पोषण स्तर में सुधार और उसके आंकलन के लिए 13 मई से आगामी 22 मई तक सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 6 वर्ष तक आयु के सभी बच्चों का वजन लिया जाएगा और उनके वास्तविक वजन आंकलन तथा पोषण स्तर का आंकलन किया जाएगा।

कलेक्टर अग्रवाल ने स्वयं बच्चों का वजन और ऊंचाई ली। उन्होंने बच्चों के पोषण स्तर की नियमित निगरानी करने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी बच्चे का वजन अचानक कम होता है तो उस पर विशेष ध्यान दें। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए गरम भोजन प्रदाय की भी स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों के सभी बच्चों की पोषण स्थिति का अवलोकन करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से बच्चों की स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों में समय-समय पर पालकों का काउंसलिंग करें और घर में भी बच्चों के पोषण का विशेष ध्यान देने कहा। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास गुरूप्रीत कौर, परियोजना अधिकारी रीना ठाकुर, प्रीतराम खुटेल, पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन उपस्थित थी।

# चार दिवसीय सेन महोत्सव धूमधाम से मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिला सेन समाज राजनांदगाव के निर्देशानुसार नाई समाज के आराध्य गुरुदेव 'संत शिरोमणि सेन महाराज'' का 724वीं जयंती चार दिवसीय सेन-महोत्सव के रूप में मनाया गया। जिसका समापन 'ब्लाक सोमनी-टेड़ेसरा इकाई के ब्लाक अध्यक्ष कौशल सेन द्वारा ग्राम कोपेडीह में भव्य आयोजन कर किया गया।

जिला मीडिया संयोजक इन्द्रद्वीप हीरा सेन ने बताया कि जिलाध्यक्ष शेषनारायण सांडिल्य, जिला सचिव लोकेश सेन के संयुक्त निर्देशानुसार सेन जयंती का पहला कार्यक्रम 5 मई को जिला सेन भवन सहदेव नगर में जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष निशा श्रीवास द्वारा पूजा कर मनाया गया। दूसरे दिन 6 मई को डोंगरगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष गिरधारी सेन के नेतृत्व में धर्मनगरी में शाम को शोभायात्रा निकाली गई और प्रस्तावित सेन भवन के भूमि स्थान पर सेन महाराज की पूजा-अर्चना किया गया। अतिथियों का स्वागत सम्मान कर रात्रि प्रीति भोज द्वारा संपन्न किया गया। कार्यक्रम में दीलिप सेन, संजू सेन, सुनील सेन, प्रदीप सेन, डोमार सेन उपस्थित थे। तीसरे दिन 7 मई को मुख्य समारोह जिला महामंत्री अनुप श्रीवास के नेतृत्व और जिला सेलून अध्यक्ष ईश्वर श्रीवास की अध्यक्षता में भव्य बाईक रैली संस्कारधानी के मुख्य मार्गों में निकाला गया, जो रेवाडीह में समाप्त हुआ। तत्पश्चात ब्लॉक अध्यक्ष अनिल कौशिक द्वारा आयोजन स्थल श्री बूढ़ादेव मंदिर रेवाडीह में श्री रामायण महाकाव्य पाठ पूर्ण कर जिला से पधारे मुख्य अतिथियों का स्वागत और सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष श्री सांडिल्य, संयोजक देवशरण सेन, सालिक भारद्वाज, निशा श्रीवास, विजय भारद्वाज का उद्बोधन हुआ। तत्पश्चात दोपहर प्रीति भोज के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इसी तरह सोमनी-टेडेसरा इकाई अध्यक्ष कौशल सेन के नेतृत्व में ग्राम कोपेडीह में सेन जयंती मनाया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में भव्य कलश यात्रा निकाला गया, जो ग्राम के शिव मंदिर में पूजा कर वापस आयोजन स्थल पहुंचा। शोभायात्रा के बाद जिलाध्यक्ष, ब्लॉक पदाधिकारियों द्वारा गणपति वंदना कर 36 कोटि देवी देवताओं का पूजा अनुष्ठान कर संत श्री सेन महाराज का तिलक वंदन और आरती किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण सेन, जिलाध्यक्ष श्री सांडिल्य, जिला सचिव लोकेश सेन, जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष निशा श्रीवास, जिला कार्यकारिणी से दयानंद सेन, युवा प्रकोष्ठ से शिव श्रीवास, सभी ब्लाक पदाधिकारीगण प्रवीण कौशिक, अनिल कौशिक, नोहर कौशिक, लक्ष्मी सेन, संजू सेन का स्वागत और सम्मान किया गया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी प्रेम सेन ने दी।

### केजूराम सिन्हा का निधन



**राजनांदगांव।** चक्रधर कत्थक कल्याण केंद्र राजनांदगांव के संस्थापक सदस्य केजूराम सिन्हा का 7 मई को 87 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। चक्रधर कत्थक कल्याण केंद्र राजनांदगांव परिवार एवं सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक संस्थाओं, बुद्धिजीवी कलाकरों एवं अन्य ने श्रद्धासुमन अर्पित की। उपरोक्त जानकारी चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र के सचिव डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा ने दी।




# अवैध शराब बिक्री को लेकर आबकारी विभाग का घेराव

- जनता कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में बढ़ती अवैध शराब की बिक्री और बिक्री मूल्य से अधिक दर पर शराब बेचे जाने के मामले को लेकर आज जनता कांग्रेस-जे के कार्यकर्ताओं ने आबकारी विभाग कार्यालय का घेराव करते कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर मामले में जांच कार्रवाई की मांग की है।

राजनांदगांव शहर सहित जिलेभर में बीते कुछ समय से अवैध शराब की बिक्री जोरों पर है। वहीं शराब दुकानों में निर्धारित मात्रा से अधिक शराब लोगों को दिया जा रहा है। जनता कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा बनाए गए एक वीडियों में बोरियों में भरकर शराब ले जाते हुए लोगों को देखा जा सकता है। जिले में अवैध शराब बिक्री को संरक्षण देने का आरोप लगाते जनता कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आज आबकारी विभाग कार्यालय का घेराव करते इस मामले में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है और जांच कार्रवाई की मांग की है।

#### गांव-गांव में कोचिये तैनात

इस दौरान जनता कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शमसुल आलम ने कहा कि राजनांदगांव के शासकीय शराब दुकानों में एमआरपी से अधिक रेट पर शराब बेची जा रही है। वहीं लोगों को बोरियों में भरकर शराब दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब की बिक्री को बढ़ावा देने वाले आबकारी विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों पर तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि शराब दुकानों के शासकीयकरण के बाद अब चखना दुकानों का भी शासकीयकरण कर दिया गया है।

### जाम लगने से हलाकान हो रहे लोग

# ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने निकली टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को दुरूस्त करने को लेकर बाजार क्षेत्र के मार्गों में यातायात पुलिस एवं नगर निगम के अमले ने भ्रमण किया। इस दौरान सड़क किनारे लगे विज्ञापन बोर्ड एवं दुकानों के सामने सजे सामानों को भी हटवाया गया। नो-पार्किंग में खड़ी वाहनों पर कार्रवाई की गई।

ज्ञात हो कि शहर के सर्विस लेन से लेकर बाजार इलाके के सड़कों में अव्यवस्थित वाहनों की पार्किंग एवं सड़क किनारे दुकानों का सामान व विज्ञापन बोर्ड के चलते जहां यातायात का दबाव निर्मित हो रहा है। वहीं आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है, जिसे देखते पूर्व में निगम एवं पुलिस अमला एवं शहर के जनप्रतिनिधियों ने शहर के बाजार इलाके का भ्रमण कर वाहनों की पार्किंग सहित अतिक्रमण का मुआयना कर व्यापारियों से दुकानों का सामान सड़क पर नहीं फैलाने एवं वाहन चालकों को नो-पार्किंग में वाहन खड़ी नहीं करने की हिदायत दी गई थी।



#### अव्यवस्थित वाहनों पर चालानी कार्रवाई

साथ ही शहर के भीतर अव्यवस्थित नो-पार्किंग में खड़े वाहनों पर यातायात विभाग द्वारा चालानी कार्रवाई किया गया। बताया गया कि उक्त कार्रवाई लगातार लगातार जारी रहेगा। यातायात पुलिस ने शहर के सभी व्यवसायी से अपील की है कि रोड के बाहर सामान नहीं लगाए एवं सभी वाहन चालक अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही पार्किंग करें।

#### सड़क किनारे लगे फ्लैक्स हटाए गए

13 मई को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा शहर के बाजार इलाके जयस्तंभ चौक, जूनीहटरी, गुडाखू लाईन, कामठी लाईन, सिनेमा लाईन से गुरूद्वारा तक अभियान चलाया गया। यातायात निरीक्षक अजय खेस, नवरतन कश्यप, सहायक उपनिरीक्षक येनलाल चन्द्राकर, कुंजलाल साहू, कमल किशोर श्रीवास्तव, थानेश्वर प्रसाद बांधव एवं नगर निगम के सब-इंजीनियर अनुप पांडे, डागेश्वर एवं दिलीप गोस्वामी की उपस्थिति में उक्त क्षेत्र के रोड पर अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वाले व्यवसायी पर कार्रवाई कर रोड पर रखे फ्लैक्स को हटाने एवं जब्ती की कार्रवाई की गई।



# लंबित प्रकरणों के निराकरण के निर्देश

## समय सीमा बैठक में कलेक्टर ने की विकास कार्यों की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर एस जयवर्धन ने सभाकक्ष में लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी लंबित प्रकारणों का निराकरण शीघ्र करना सुनिश्चित करें। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जन चौपाल, जन शिकायत, लोक सेवा गारंटी, कलेक्टर जनदर्शन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का निराकरण तय समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले हाट-बाजारों में फैलने वाले गंदगी व कचरा प्रबंधन के लिए पंचायत के माध्यम से कचरा संग्रहण व प्रबंधन कार्य को प्राथमिकता से करने कहा है। कलेक्टर ने निर्माण से संबंधित अधिकारियों से कहा कि स्वीकृत निर्माण कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कर पूर्ण कराए।

### किसानों को खाद बीज कराएं उपलब्ध

बैठक में कलेक्टर ने न्यायालयीन प्रकरणों से संबंधित दावा आपत्ति निर्धारित समय पर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने धान के उठाव व कस्टम मिलिंग की जानकारी ली। आगामी खरीफ फसल को ध्यान में रखते हुए किसानों को वितरित किये जाने वाले खाद-बीज का संग्रहण एवं वितरण व्यवस्था की भी जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि किसानों की मांग पर पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज का वितरण करना सुनिश्चित करें। सिंचाई पंप के लिए लगाए गये सोलर पैनल के प्रबंधन के साथ ही समय-समय पर आवश्यक सुधार व मरम्मत के कार्य को प्राथमिकता के साथ करने कहा गया है। बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को पदेय दायित्व का निर्वहन निष्ठा पूर्वक करते हुए विभागीय योजनाओ का सफल क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर कलेक्टर जितेंद्र सिंह पाटले, संयुक्त कलेक्टर प्रेमलता चंदेल, एसडीएम मानपुर अमित नाथ योगी, परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

# निर्माण में गड़बड़ी शुरू हुई जांच

**डोंगरगढ़।** शहर के वार्डों के लिए खेल सामाग्री खरीदी एवं ओपन जिम में गड़बड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। अधिकारी-कर्मचारियों ने कमीशन के चक्कर में निम्न स्तरीय सामग्री क्रय किया है जो अब कबाड़ में तब्दील हो गए हैं। कागजों में विकास कार्य और खरीदी को लेकर नगर पालिका सुर्खियों में बनी हुई है। रोज नए मामले सामने आने के बाद भी कार्यवाही तो दूर जांच भी नहीं हो रही है। लोगों का कहना है कि कांग्रेस शासनकाल में अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियों ने सांठगांठ कर विकास कार्यो के नाम से राशि का दुरूपयोग किया है। भाजपा सरकार आने के बाद भी इस मामले को लेकर जनप्रतिनिधि मौन है, जिसे लेकर जनता में नाराजगी बढ़ी है।

**हां शिकायत हुई है :** पालिका के इंजीनियर रितेष स्थापक ने बताया कि कुछ मामले की शिकायत जेडी कार्यालय दुर्ग में हुई है जिसकी फाईल जेडी कार्यालय के प्रभारी को सौंप दी गई है। गौशाला कमेटी ने भी गार्डन में फर्जीवाड़ा की शिकायत की है, जिसकी जांच कराई जाएगी। वार्ड नं. 6 के 15 लाख की सीसी रोड़ निर्माण का अभी भुगतान नहीं हुआ है। दुर्ग जेडी कार्यालय के प्रमुख लोकेश्वर साहू ने बताया कि शिकायत की जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

# प्रधानमंत्री सड़क निर्माण कार्य आधा-अधूरा, ग्रामीणों की बढ़ी चिंता



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कंझेटा में प्रधानमंत्री सड़क निर्माण कार्य शासन प्रशासन द्वारा कराया गया, लेकिन 10 मीटर निर्माण विभागीय व जिम्मेदारों द्वारा आधा-अधूरा कार्य करवाएं जाने से 10 मीटर निर्माण कार्य कराना भूल गए जिस कारण ग्राम कंझेटा व राहगीरों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि विभागीय व जिम्मेदारों की अनदेखी से लगातार ग्रामीण व राहगीर सड़क दुर्घटना के शिकार हो रहें है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग कर जल्द से जल्द 10 मीटर प्रधानमंत्री सड़क निर्माण किया जाए ताकि ग्रामीणों व राहगीरों को बरसात व जलभराव की स्थिति से राहत व प्रधानमंत्री सड़क की सुविधा मिल सकें। वहीं ग्रामीणों द्वारा 10 मीटर आधा-अधूरा निर्माण कार्य नहीं होने की स्थिति में मुख्यालय में उग्र धरना प्रदर्शन दिया जाएगा। जिस पर ग्रामीण रमेश चंद्रवंशी, बबलू चंद्रवंशी, गेंदा चंद्रवंशी, दीप चंद्रवंशी, राजकुमार चंद्रवंशी सहित ग्रामीण जनों ने जिम्मेदारों व विभागीय अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने तथा तत्काल आधा-अधूरा सड़क निर्माण कार्य को पूरा करने अपील की गई।

## अभ्युदय में प्राचार्य मधुसूदन ने कार्यभार ग्रहण किया



**हरिभूमि कवर्धा।** अभ्युदय स्कूल कवर्धा में नए प्राचार्य के रूप में मधुसूदन नायर ने 15 मई से कार्यभार ग्रहण किया है। श्री मधुसूदन नायर शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व हैं और प्राचार्य के रूप में उनके पास 20 वर्षों का समृद्ध अनुभव है। विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयो में प्राचार्य के पद पर रहते हुए उल्लेखनीय कार्य किए हैं। सन 2015 में मधुसूदन नायर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित हुए। हमें पूर्ण विश्वास है कि मधुसूदन नायर के मार्गदर्शन में हमारे विद्यालय का सर्वांगीण विकास होगा और हमारे छात्र-छात्राएं नई ऊंचाइयों को छुएंगे। उनके अनुभव और दूरदर्शिता से विद्यालय में एक सकारात्मक और प्रेरणादायक माहौल बनेगा। पूर्व प्राचार्या श्रीमती शोभा वेदुला ने उनका स्वागत किया। भविष्य में भी पूर्व प्राचार्या श्रीमती शोभा वेदुला उच्च पद पर पदस्थ रहते हुए अभ्युदय स्कूल के साथ निरंतर जुड़ी रहेंगी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य सपन चोपड़ा एवं श्रीमती शोभा वेदुला ने मधुसूदन नायर को प्राचार्य पद का कार्यभार सौपा। साथ ही स्कूल के ऐडमिनिस्ट्रेटर निमिष तिवारी ने समस्त एडमिन स्टाफ के साथ मधुसूदन नायर का स्वागत किया।

**खबर संक्षेप**

### बम्हनी में श्रीमद्भावगत ज्ञान यज्ञ आयोजित

**कवर्धा।** कवर्धा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम बम्हनी में नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन 15 से 23 मई तक श्री बांके बिहारी की कृपा व पितरों की आशीर्वाद से आयोजित की जा रही है। जिसमें 15 मई को बेदी पूजन कलश यात्रा, गौकर्ण के साथ कथा का शुभारंभ किया गया, वहीं 16 मई को भागवत प्रारंभ परीक्षित जन्म, 17 मई को वाराह अवतार कपिल गीता, ध्रुव प्रसंग, 18 मई को जड़ भरत चरित्र प्रहलाद चरित्र, 19 मई को गजेन्द्र मोक्ष कृष्ण जन्म कथा, 20 मई को नंद महोत्सव माखन चोरी, गोवर्धन, 21 मई को रास प्रसंग रूखमणी विवाह, 22 मई को सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष, चढ़ोत्री तथा 23 मई को गीता हवन, तुलसी वर्षा, पूर्णाहुति के साथ किया जाएगा। इन नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ में कथा वाचक आचार्य छत्रपाल तिवारी थान खम्हरिया वाले द्वारा श्रद्धालुओं व भक्तजनों को कथा रसपान कराया जा रहा है। वहीं मुख्ययजमान श्रीमती किरण कंवल कौशिक विराजमान है, इस नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ से आसपास के क्षेत्र में भक्तिमय का वातावरण बना हुआ है वहीं कथा सुनने भक्तजनों की भीड़ उमड़ रही है।

# भावना बोहरा ने झारखण्ड प्रवास के दौरान गोड्डा लोकसभा के पक्ष में किया चुनाव प्रचार



- झारखण्ड की जनता भाजपा के साथ, गोड्डा लोकसभा सहित प्रदेश की सभी 14 सीटों पर होगी जीत : भावना।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

झारखण्ड प्रदेश के गोड्डा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे के चुनाव प्रचार हेतु पार्टी ने पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा को भारतीय जनता पार्टी ने गोड्डा लोकसभा प्रवासी प्रभारी का बड़ा दायित्व उन्हें दिया गया। अपने दायित्व को पूरा करते हुए श्रीमती भावना बोहरा लगातार झारखण्ड के गोड्डा लोकसभा अंतर्गत विभिन्न बूथों में लगातार कार्यकर्ताओं व क्षेत्र की जनता से संवाद कर रहीं हैं, वहीं विभिन्न सामाजिक महिलाओं को भी एकजुटकर भाजपा के प्रकश में मतदान करने की अपील कर रहीं हैं।

झारखण्ड प्रवास के प्रथम दिन श्रीमती भावना बोहरा ने देवघर के धार्मिक स्थल बाबा बैद्यनाथ व बासुकीनाथ धाम में भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और छत्तीसगढ़ के समस्त निवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की और परिचात्मक बैठक में अन्य प्रावी विधायकों के साथ सम्मिलित होकर लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

इसके साथ ही उन्होंने भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे के निवास में छत्तीसगढ़ से गए सभी प्रवासी विधायकों व वरिष्ठ नेता के साथ उन्होंने मुलाकात की और लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक विषयों पर भी चर्चा की।

विदित हो कि श्रीमती बोहरा लगातार बैठक कर क्षेत्र में जनसंपर्क कर रहीं हैं और जनता से भाजपा को वोट देने की अपील कर रहीं हैं। वे लगातार महिलाओं, युवाओं को विगत 10 वर्षों में मोदी सरकार की योजनाओं व गारंटी के बारे में जानकारी दे रहीं हैं। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार की नीतियों व प्रदेश में आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को बनाए जाने व उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में संचालित योजनाओं, महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए उठाए जा रहे कदम एवं किसानों के सर्वांगीण विकास हेतु लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों के बारे में भी जनता के बीच भाजपा की रीति-नीति की जानकारी दे रहीं हैं।

### जनता मोदी की गारंटी पर अपना विश्वास प्रकट कर रही है: विधायक

विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि गोड्डा लोकसभा में जनसंपर्क के दौरान जिस तरह जनता का समर्थन व स्नेह मिल रहा है, वह उत्साहित करने वाला है। जिस प्रकार छत्तीसगढ़ की जनता से मुझे स्नेह मिलता है उसी प्रकार झारखण्ड की जनता भी अपना भरपूर आशीष व समर्थन प्रदान कर रही हैं। यहां आकार बाबा वैद्यनाथ, बाबा बासुकीनाथ सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन करने का अवसर मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। जिस प्रकार जनता में यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अपना प्यार बरसा रही है और मोदी की गारंटी पर अपना विश्वास प्रकट कर रही है। मुझे पूर्ण विश्वास है की गोड्डा लोकसभा में चौथी बार भाजपा के प्रचंड जीत के साथ देशभर में हम अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को जरुर पूरा करेंगे। आज गोड्डा लोकसभा में मोदी सरकार के दौरान हुए कार्यों के प्रति जनता में भी अपार उत्साह और एक विश्वास है कि अगर झारखण्ड को भ्रष्टाचार मुक्त बनाकर उसका कोई विकास कर सकता है तो वह पार्टी भाजपा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है। भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे ने भी विगत वर्षों में गोड्डा लोकसभा के लिए कई सराहनीय प्रयास व कार्य किए हैं, जिससे आमजनों को सुविधा मिल रही है। देवघर में एम्स व एअरपोर्ट की स्थापना, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की स्थापना, नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के साथ ही देवघर की डढ़वा और गोड्डा के कझिया नदी को नमामि गंगे प्रोजेक्ट में शामिल करना और देवघर सहित पूरे गोड्डा लोकसभा मेंरेल सुविधाओं के विस्तार जैसे अभूतपूर्व कार्य निशिकांत दुबे के प्रयासों से ही संभव हुए हैं।

## सातवां पुरस्कार...



**हरिभूमि कवर्धा।** हरिभूमि द्वारा आयोजित जिला पाठक योजना 2023 के प्रतिभागी कवर्धा निवासी विकास साहू द्वारा सातवां पुरस्कार जितने पर उन्हे हरिभूमि परिवार कवर्धा द्वारा इंडक्सन देकर पुरस्कृत किया गया।

## पिपरिया पुलिस नें अवैध शराब परिवहन के आरोपी को दबोचा



**हरिभूमि पिपरिया।** पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव द्वारा अवैध जुआ, सट्टा-पट्टी, अवैध शराब बिक्री, परिवहन व थाना क्षेत्रांतर्गत अवैध नशीली दवाईयां विक्रय करने वाले असामाजिक तत्वों के ऊपर उचित वैधानिक कार्यवाही करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिस पर थाना प्रभारी पिपरिया सिकंदर कुर्रे द्वारा थाना क्षेत्र में टीम तैयार कर मुखबिर द्वारा मिली सूचना पर थाना पिपरिया पुलिस नें सोमवार को टीम गठितकर रवाना किया गया। जो कि पिपरिया गार्डन के सामनें मेन रोड़ के पास मुखबिर की सूचना पर रेड कार्यवाही कर आरोपी रोहित कुमार सिन्हा पिता नत्थुराम सिन्हा आयु 34 वर्ष निवासी महात्मा गांधी वार्ड 07 पिपरिया द्वारा अवैध धन लाभ अर्जित करने के नियत से एक क्रीम कलर के कपडा थैला में 29 नग पौवा देशी प्लेन मंदिरा की शीशी प्रत्येक में 180 एमएल भरा हुआ शीलबंद कुल 5.220 बल्क लीटर किमत 2610 रूपए एवं घटना में प्रयुक्त एक मोटर सायकल सीडी डिलक्स बिना नंबर किमत लगभग 50 हजार रूपए में अवैध शराब परिवहन करते पाए जाने से आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही करते हुए समक्ष गवाहन के जप्तकर आरोपी का कृत्य अपराध धारा-34 (2) आबकारी एक्ट का पाए जाने आरोपी के विरूद्ध विधिवत कार्यवाही कर मंगलवार को जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना पिपरिया सिकंदर कुर्रे, आरके दीवान, रमसियां कंवर, मनोज टण्डन, दिनेश चन्द्रवंशी, तोरन कश्यप, काजल देशलहरें का सराहनीय योगदान रहा है।

ज्योतिषी
(अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त)
बना बनाया काम बिगड़ना, ऊपरी हवा, पति पर स्त्री के वस में होना, शराब छुड़ाने की गारंटी, वशीकरण मोहनी की गारंटी के साथ घरेलू समस्या, बच्चों का मन पढ़ाई में न लगना, शादी विवाह में अड़चन, प्रेम विवाह, सभी समस्या का निवारण, तंत्र-मंत्र वैदिक पद्धिति के द्वारा स्थायी हल।
पता- दीपक महाराज
रायपुर नाका, घोठिया रोड ज्योति विद्या मंदिर हाईस्कूल के पीछे कवर्धा
Mo. 9300415345

हरिभूमि
पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

### छात्र-छात्राओं ने अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम किया रोशन

# अशोका पब्लिक स्कूल का बोर्ड परीक्षा में रहा उत्कृष्ट परिणाम




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अशोका पब्लिक स्कूल का सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में कक्षा दसवीं तथा सीजी बोर्ड में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा।

सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा दसवीं में शत प्रतिशत परिणामों के साथ विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने स्कूल का नाम रोशन किया, जिससे विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया। विद्यालय की सीबीएसई कक्षा 10वीं की छात्रा जलधि केशरवानी पिता रामगोपाल केशरवानी ने 96 प्रतिशत अंक के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा जिले में टॉप टेन पर रही। वहीं अवनी केशरवानी पिता रामगोपाल केशरवानी ने 85.4 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा सिद्धि साहू पिता हेमकुमार साहू ने 83 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही सीजी बोर्ड कक्षा 10वी में सोनम वर्मा पिता डिगेश वर्मा ने 88.8 प्रतिशत के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया व श्रेयांश शर्मा पिता अनिश शर्मा ने 85.7 प्रतिशत द्वितीय तथा विनय राजपूत पिता रेखराम राजपूत ने 81.2 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

साथ ही कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों जिसमें विज्ञान संकाय से स्नेहा चन्द्रवंशी पिता चंद्रशेखर सिंह चन्द्रवंशी ने 86.8 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, कुसुम साहू पिता गणेश साहू ने 85.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा श्रेया चन्द्रवंशी पिता दिलीप चन्द्रवंशी ने 84.8 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं वाणिज्य संकाय इंग्लिश मीडियम से सानिया रजा पिता मों. सकील रजा ने 81.4 प्रतिशत के साथ प्रथम, पूनम चन्द्रवंशी पिता सुखनंदन चन्द्रवंशी 80.6 द्वितीय तथा आफताब खान पिता जुलफिकर अली व शिफा खान पिता जुलफिकर अली ने 76 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही साथ वाणिज्य संकाय हिंदी मीडियम से यशवंत कुमार पिता शत्रुहन कुमार ने 84 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, हिमांशी गुप्ता पिता राकेश गुप्ता 77.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं दीप्ति चंद्राकर पिता श्रीबलदाऊ चन्द्रवंशी ने 71 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिसपर स्कूल के संचालक पवन देवांगन व श्रीमती सारिका देवांगन ने सभी बच्चों, उनके पालकों तथा सभी शिक्षकों-कर्मचारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक
डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

समस्या: झिरिया जैसे जल स्त्रोतों से किया जा रहा पेयजल का इंतजाम

# जिले के पहाड़ी व वनांचल इलाकों में लगातार गहरा रहा है पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जैसे-जैसे तपिश बढ़ रही है और ग्रीष्म ऋतु के तेवर चढ़ रहे हैं जिले के पंडरिया विकासखण्ड स्थित वनांचल एवं पहाड़ी ईलाकों में जल संकट गहराते जा रहा है।

आलम ये है कि इन दिनो यहां के बासिंदों का ज्यादा समय अब पेयजल की व्यवस्था में ही खप रहा है, बावजूद इन्हें पर्याप्त और शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो पा रहा है। पंडरिया के वनांचल ईलाकों से निकलकर आ रही खबरों के मुताबिक मौजूदा वक्त में ग्राम पंचायत अमनिया के पहाड़ी में बसे आश्रित ग्राम बसूलालूट के के ग्रामीणों को पेयजल की गंभीर समस्या झेलनी पड़ रही है। ग्रामीण अपने ठिकाने से नीचे उतर कर करीब दो किलो मीटर से पेयजल की व्यवस्था कर रहे हैं।

ग्रामीणों की माने तो इस भारी मसक्कत के बाद भी वे दिनभर में कुछ लीटर पानी ही अपने घरों तक ला पाते हैं और उसे भी दवाई की तरह उपयोग करते हैं। इसी प्रकार ग्राम बाहपानी की बात की जाए तो भले ही इस गांव के नाम में पानी शब्द लगा लेकिन यहां के ग्रामीण भीषण गर्मी के इस दौर में तमाम जल स्त्रोतो के सूख जाने के कारण अब झिरिया खोदकर अपना गुजारा कर रहे हैं। ग्रामीणों की माने तो यह झिरिया भी जब तब उनका साथ दे रही है तब तक ही उन्हें पानी नसीब हो रहा है उसके बाद उन्हें पानी के लिए खासी मसक्कत करनी पड़ेगी।

इन ग्राम पंचायतों के आश्रित ग्रामों की ही तरह कमोबेश यही हाल ग्राम चौहडोंगरी, संदुरखार, भेलकी, भाकुर, ठोंगाटोला, गभोड़ा, भुरभुसपानी, पंडरीपानी सहित अन्य गांवों का भी है। यहां भी पेयजल की सरकारी व्यवस्था नहीं होने अथवा भीषण गर्मी में दम तोडऩे के बाद जलसंकट गहरा गया है और ग्रामीण पेयजल के लिए भटक रहे हैं। माना जा रहा है कि अभी तो ग्रीष्म ऋतु का यह मई माह मध्यकाल चल रहा है आने वाले महिने में इन ईलाकों में पानी की स्थिति और भी भयावा हो सकती है। ऐसे हालातों में यहां ग्रामीण अपना जीवन यापन कैसे करेंगे यह वो ही जाने?



### हर साल गहराता है जल संकट

विकासखण्ड पंडरिया के पहाड़ी एवं वनांचल ईलाकों में ग्रीष्म ऋ तु के दौरान जल संकट हर साल गहराता है। जिसका मुख्य कारण यह है कि यहां के कई गांव पहाडियों में बसे हैं जहां ग्रीष्म ऋ तु प्रारंभ होने के साथ ही जल स्तर तेजी से नीचे गिरने लगता है और मार्च-अप्रैल के महिने में ही हैण्डपंप, मोटर पंप पानी उगलना बंद कर देते हैं। ऐसे में लोगों को पानी की तलाश में पहाडियों से नीचे उतना पड़ता है। लेकिन नीचे स्थित नदी-नाले भी गर्मी के दिनो में सूख जाते हैं और लोग नदी नाले में ही ढिरिया खोदकर अपना काम चालाते हैं।

### शासन-प्रशासन लाचार

हाल में कलेक्टर द्वारा जिला प्रशासन एवं विभागीय अधिकारियों की समय सीमास की बैठक लेकर ग्रामीण एवं मैदानी ईलाकों में पेयजल व्यवस्था दुरूस्थ कराए जाने के निर्देश दिए हैं। लेकिन वनांचल में हर साल ग्रीष्म ऋतु में उत्पन्न होने वाले इस जलसंकट को दूर करने में शासन-प्रशासन भी लाचार हैं। क्योंकि पहाडियों में बसे ग्रामों में न तो पहुंच मार्ग है और न ही यहां हैण्डपंप उत्खनन कराने की संभावना है। ऐसे में शासन-प्रशासन को समझ में ही नहीं आता कि आखिर लोगों तक जलआपूर्ति कैसे की जाए। इन हालातों बड़ा सवाल यही उठता है कि आखिर इन लोगों को ऐसे बीहड़ों में बसने की अनुमति आखिर किसने दी है। निश्चित रूप से कहीं न कहीं यह शासन-प्रशासन की अनदेखी का ही परिणाम है जिसका परिणाम आज इन लोगों को भुगतना पड़ रहा है।



## बिजली विभाग कर रहा जीवलेवा दुर्घटना का इंतजार

■ देखकर भी विभाग के अधिकारी कर रहे हैं अनदेखी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के ग्रामीण एवं वनांचलों में विद्युत विभाग की जबरदस्त लापरवाही देखने को मिल रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से मात्र 13 किलो मीटर दूर ग्राम खाम्ही में मुख्य मार्ग गांगपुर रोड़ में जमीन पर 1 माह से केबल तार पड़ा है इसमें करेंट प्रवाहित हो रहा है। क्षेत्र के ग्रामीणों की माने तो इस रोड में दिनरात आवाजाही बनी रहती है। छोटे-छोटे बच्चे यहां पर खेलते रहते है। गर्मी के दिनो में है मवेशी 24 घंटे खुले में घूमते रहते जो इसकी चपेट में आ सकते है। यहां बताना लाजमी होगा कि जहां यह करंट प्रवाहित तार जमीन में गिरा पड़ा है वहां से बिजली कार्यालय की दूरी मात्र 1.5 डेढ़ किलो मीटर है और इसी मार्ग से होकर बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कनिष्क अभियंता व सहायक अभियंता हर दिन गुजरते हैं व इसी मार्ग से फील्ड में दौरा करते है बावजूद इन जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस जानलेवा गंभीर खतरे की अनदेखी समझ से परे है। ऐसा लगता है कि विभाग के अधिकारी किसी गंभीर घटना की बाट जोह रहे हैं। इसी प्रकार ग्राम बिरनपुर के बिटकुली मुख्य मार्ग पर हाई वोल्टेज 11 केव्ही तार जमीन से मात्र 6 फ़ीट ऊँचाई पर झूल रही है यहां पर भी कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। समझा जा सकता है कि अगर प्रदेश के उपमुख्य मंत्री के गृह जिले में व्यवस्थाओं का ये हाल है तो भला दीगर जिले की व क्षेत्रों की क्या स्थिति होगी।

### खबर संक्षेप

#### भावेश अग्रवाल ने किया गौरवान्वित



कवर्धा। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के जारी नतीजे में अभ्युदय स्कूल के कक्षा दसवीं के छात्र भावेश अग्रवाल ने 95.8 प्रतिशत अंक लाकर गौरवान्वित किया है। छात्र भावेश जिला भाजपा के उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल के सुपुत्र हैं। विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं परिजनों ने बधाई दी एवं अपनी खुशी जाहिर की है।

#### उत्कृष्ट रहा खड़ौदा का परीक्षा परिणाम



कवर्धा। शासकीय हाई स्कूल खड़ौदा कला बोड़ला का दसवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। स्कूल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष 2024 में 46 छात्र-छात्रा परीक्षा में शामिल हुए। कुल परीक्षा परिणाम 78.26 प्रतिशत रहा। छात्रा मुस्कान साहू 91.16 प्रतिशत अंकों के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं धनेश्वरी साहू 91 प्रतिशत के साथ कक्षा में द्वितीय स्थान पर रही तथा लेखेश्वरी साहू 89.66 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रही। शाला के प्रभारी प्राचार्य विद्यासागर यदु सहित स्टाफ ने सभी बच्चों कों सफलता पर बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## भारतीय जैन संघटना ने शुरू किया तालाबों का पुनर्जीवन कार्य

### जिले के आधा दर्जन तालाबों को मिलेगा नवजीवन



■ पूजा अर्चना के बाद किया गया कार्य का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भारतीय जैन संघटना ने पूरे भारत में जिन 100 जिलों मे पानी की कमी है या 2028 तक होने की संभावना है उन जिलो में तालाबों का पुनर्जीवन कार्य करने एक एमओयू नीति आयोग भारत सरकार और भारतीय जैन संघटना के साथ हुआ है। उसके तहत छत्तीसगढ़ के 6 जिलों में भी तालाबों का पुनर्जीवन कार्य किया जाएगा जिसमें कबीरधाम जिला भी शामिल है। इस साल कबीरधाम जिले मे 6 तालाबों में पुनर्जीवन का कार्य होना है। जिसमें दो तालाबों को कार्य शुरू हो गया है औन वाले दिनो में ग्राम भालूचुवा, बिसनपुरा, और कवर्धा में जल्द कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इसी कड़ी में गत 14 मई को कबीरधाम जिले में सुखा-मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत भारतीय जैन संघटना द्वारा ग्राम सोनपुरी (रानी) के जूना तालाब का पुनर्जीवन कार्य का औपचारिक शुभारंभ अतिथियों एवं ग्रामीणों की उपस्तिथि में एक भव्य कार्यक्रम में किया गया। सर्वप्रथम मंगलाचरण श्रीमती रीतू बरडीया ने महिला मंडल की ओर से किया। अतिथियों द्वारा भारत माता के पूजन, माल्यार्पण कर कार्यक्रम को गति दी गई। अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण एवं श्रीफल भेंट कर सुनील लूनिया, पारस श्रीश्रीमाल, अनिल लूनिया, प्रतिक लूनिया, विनीत नाहटा, नीता लूनिया, रुपल पारख, अखिल लूनिया आदि द्वारा किया गया। इस अवसर पर सरपंच सोनपुरी (रानी) गणेश राम साहू, उपसरपंच श्रीमति सगुना जांगड़े, ग्राम पटेल उपदेश नाथ योगी, समाजसेवी घनश्याम साहू, तालाब पुनर्जीवन के आर्थिक सहयोगी भामाशाह हरीलाल साहू, भामाशाह शोभाराम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम में दानवीर हरिराम साहू एवं शोभ्रम साहू का तिलक माल्यार्पण के साथ अभिनन्दन किया गया। भारतीय जैन संघटना कवर्धा जिला शाखा के अध्यक्ष डॉ अतुल जैन, सचिव अमित बरडीया, वाटर हेड सुनील लूनिया, बीजेएस महिला शाखा से अध्यक्ष श्रीमती नीता लूनिया, कोषाध्यक्ष श्रीमति रुपल पारख, डॉ रानी संगीता जैन, श्रीमती रीतु बरडीया, श्रीमति अमिता पारख, कोषाध्यक्ष विजय लूनिया, पारस श्रीश्रीमाल, अनिल लूनिया, प्रतिक लूनिया, बबलू नाहटा, अखिल लूनिया की उल्लेखनीय उपस्तिथि रही। लायन प्रेमचंद श्रीश्रीमाल, संरक्षक अतुल देशलहरा, जैन स्थानक अध्यक्ष नेमीचंद श्रीश्रीमाल, मंत्री गेंदमल मोदी आदि ने संघटना की अपने उद्बोधन में भूरि भूरि प्रशंसा की। जैन संघटना के प्रकल्प की विस्तृत जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष डॉ अतुल जैन ने कृतज्ञता व्यक्त की। स्वल्पाहार एवं राष्ट्रगान के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। अगले पड़व में ग्राम कूटकीपारा में नया तालाब का भूमिपूजन सम्पन्न हुआ। फोर्स मोटर्स के चेयरमैन डॉ अभय फिरोदिया ने 125 जलाशयों के पुनर्जीवन का संकल्प लिया है। उसमें कुटकीपारा का तालाब समाहित है। सरपंच श्रीमति श्यामा राधेलाल साहू, उप सरपंच राधेलाल साहू, ग्राम प्रधान मिलूराम साहू आदि ने भारतीय जैन संघटना एवं जैन समाज की कुटकीपारा को दी गयी इस सौगात के लिये कृतज्ञता व्यक्त की। दोनों स्थानों पर उद्घोषक की भूमिका का निर्वहन बीजेसी जिला शाखा सचिव अमित बरडीया ने की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्यों द्वारा भी उल्लेखनीय योगदान दिया गया।

## अभ्युदय स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएससी बोर्ड परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में लगातार चार वर्षो से सीबीएससी दसवीं बोर्ड सर्टिफिकेट परीक्षा में अभ्युदय विद्यालय का दबदबा रहा है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु कृत संकल्पित नगर में स्थित अभ्युदय विद्यालय में इस बार कक्षा दसवीं के छात्र राघव भूतड़ा ने 97.4 प्रतिशत अंको के साथ जिले में प्रवीण्य सूची में शीर्ष पर रहते हुए अभ्युदय का परचम लहराया एवं कक्षा बारहवीं के विज्ञान संकाय के छात्र सौम्य झा ने 94.8 प्रतिशत और कक्षा बारहवीं के वाणिज्य संकाय की छात्रा नियति अग्रवाल ने 92 प्रतिशत उत्कृष्ट अंक अर्जित किया। साथ ही कक्षा दसवीं के छात्र जया शर्मा एवं संवेग जैन ने 97 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं। इस वर्ष भी नगर के अभ्युदय विद्यालय का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा, दसवीं बोर्ड परीक्षा में कुल 42 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें 36 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान पर रहते हुए प्रवीण्य सूची में स्थान बनाकर विद्यालय और अपने पालकों का मान बढ़ाया। कक्षा बारहवीं के विज्ञान संकाय के छात्र तस्कीन फातिमा शेख 86 प्रतिशत एवं तुषार यादव 79 प्रतिशत अंक अर्जित किए। कक्षा बारहवीं के वाणिज्य संकाय के छात्र पिया अग्रवाल 88.8 प्रतिशत व शुभांगी राजपूत 88.4 प्रतिशत अंक अर्जित किए। वहीं बारहवीं बोर्ड परीक्षा में कुल 29 विद्यार्थी शामिल हुए जिसमें वाणिज्य संकाय के कुल 17 विद्यार्थियों में 13 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण रहे। विज्ञान संकाय के कुल 12 विद्यार्थियों में से 7 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण रहे। गौरतलब है कि राघव भूतड़ा ने गणित एवं आर्टिफिशियल इंटीलिजेंस विषय में शत-प्रतिशत अंक अर्जित किए है। शाला प्रबंधन समिति एवं संस्था प्राचार्या श्रीमती व्ही शोभा ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के बेहतर प्रदर्शन के लिए आभार व्यक्त करते हुए शुभकामनायें एवं बधाई प्रेषित की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## ब्रह्माकुमारीज ने किया राजयोग शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय उप सेवा केन्द्र शिव ज्योति भवन कवर्धा द्वारा 16 मई से राजयोग (मेडिटेशन) शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर प्रतिदिन समय सायं 7.00 बजे 8.30 बजे तक राजयोग साधना केन्द्र के सामने घोठिया रोड भगवा चौक में आयोजित किया जाएगा। शिविर में प्रतिदिन राजयोगनी, त्यागमूर्त, वैराग्यमूर्त, बालब्रह्मचारिणी राजयोग शिक्षिका ब्रह्मा कुमारी नीलेश्वरी दीदी का ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी व्याख्यान होगा। शिविर पर राजयोग करने की विधि बताई जाएगी, राजयोग का अभ्यास कराया जायेगा, राजयोग का महत्व बताया जायेगा। इस आपाधापी अतिव्यस्तम दौड़ धुप के जीवन में तनिक तनावमुक्त व आराम महसूस करने के लिए, थोड़ी देर के लिए निश्चिंत रहने के लिए, एकाग्रता, स्मरण शक्ति एवं मनोबल में वृद्धि करने के लिए, मानसिक स्वास्थ्य द्वारा शारीरिक स्वास्थ्य की प्राप्ति के लिए, राजयोग से तनाव प्रबंधन, कोधप्रबंधन, जीवन प्रबंधन करने के लिए। इस निःशुल्क राजयोग शिविर का लाभ लेने के लिए आप शहर वासियों को ब्रह्माकुमारीज आहवान करती है। इस राजयोग के अभ्यास से वातावरण पर सुख, शांति, आनंद, पवित्रता की तरंगे फैलेंगी आप अपने बहुमूल्य समय में से कुछ क्षण इस स्वकल्याणकारी एवं सर्वकल्याणकारी के इस पूनित कार्य के लिए अवश्य निकालिए एवं उस समय को सफल किजिए। साथ ही नव शुभआरंभ राजयोग साधना केन्द्र पर परमात्मस्मृति में बैठकर परमशांति, सुख, आनंद व खुशी का अनुभव कर सकेंगे।

## मौसम में मची खलबली पर गर्मी से राहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

बीते करीब हप्ते भर से अंचल के मौसम में जबरदस्त खलबली मची हुई है। स्थित ये है कि मई माह के शुरूआती दिनो में कहीं चटख धूप खिल रही है तो कहीं आसमान में बदली छा रही है। आसार झमाझम बारिश के भी बन रहे हैं लेकिन बादल सिर्फ मुंह चिड़ाते नजर आ रहे हैं। इन सब के बीच अगर बात गर्मी से राहत की, कि जाए तो गर्मी यथावथ बनी हुई बल्कि आसमान में बदली छाने और अंचल के कुछ स्थानो में हल्की-तेज बूंदा बांदी होने से उमस लोगों को बेचेन कर रही है। रविवार की ही बात की जाए तो अंचल में सुबह से ही चटख धूप खिली थी लेकिन दोपहर होते-होते आचानक मौसम बदल गया और तेज हवा के साथ हल्की बूंदा बांदी शुरू हो गई। यहां



बताना लाजमी होगा कि क्षेत्र में यह सिलसिला बीते करीब हप्ते भर से जारी है और प्रतिदिन मौसम अपने दो रूप दिखा रहा है। सुबह चटख धूप खिल रही है और शाम को तेज हवा तथा आसमान में बदली छा रही है। कुल मिलाकर मौसम की यह खलबली लोगों के लिए नुकसानदायक बताई जा रही है। मौसमी उथलपुथल का असर जहां लोगों की सेहद पर पड़ रहा है वहीं इन दिनो सम्पन्न होने वाले मांगलिक कार्यक्रमों पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है।

8 से 14 मई तक पंडरिया नगर में रहा साध्वी भगवंतों का प्रवास

## साध्वी भगवंतों के सानिध्य में जैन समाज ने आयोजित किए कई कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

विगत 8 मई से 14 मई तक जैन मंदिर पंडरिया में अल्प प्रवास पर पधारे जैन साध्वी भगवंतों की निश्रा में धर्म आराधना, प्रवचन के साथ अनेक धार्मिक आयोजन सम्पन्न हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 8 मई को जैन मंदिर पंडरिया में महत्तरा पद विभीषिता गुरूवर्या मनोहर श्री जी महाराज साहेब की सुशिष्या मण्डल प्रमुख सरलमना सुभद्रा मसा, नवकार ज़पेश्वरी शुभंकरा मसा आदि ठाणा 7 अल्प प्रवास पर पधारें।

साध्वी भगवंतों के पंडरिया प्रवेश पर बाजे गाजे के साथ सकल श्री संघ ने उनका स्वागत किया। तत्पश्चात पंडरिया में एक सप्ताह के प्रवास के दौरान प्रतिदिन प्रवचन, धर्म आराधना के अलावा अन्य आयोजन कराए गए जिसमें प्रमुख रूप से भीखमचंद हरीश कुमार जैन के निवास पर स्नात्र पूजन में सकल श्री संघ के साध्वी भगवंतों की उपस्थिति रही। जिन मंदिर में अंतराय कर्म की पूजा भी कराई गई। प्रमुख रूप से जिन मंदिर में ध्वजा महोत्सव का कार्यक्रम साध्वी भगवंतों की निश्रा में सम्पन्न हुआ। ध्वज आरोहण के लाभार्थी परिवार शांतिलाल शिखरचंद, शीतल कुमार लोढ़ा परिवार के साथ सकल श्री संघ के सभी श्रावक, श्राविकाओ ने जिन मंदिर में ध्वजा महोत्सव के पूजन के साथ ध्वजा आरोहण के संपूर्ण कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति से जिन शासन के प्रति अपनी सेवायें दी। साध्वी भगवंत सुभद्रा एवं शुभंकरा ने अपने प्रवास के दौरान जैन समाज के अलावा अन्य समाज के सभी से दया करुणा मैत्री के साथ समाज में एकता धर्म के प्रति आस्था के साथ अहिंसा के मार्ग पर चलने हेतु प्रेरणा दी। सभी कार्यक्रमों में ट्रस्ट मंडल के अध्यक्ष हरीश जैन, उपाध्यक्ष भीखमचंद जैन, यशवंतराज बंगानी, सचिव शिखर जैन,कोषाध्यक्ष महेन्द्र जैन,सह सचिव अशोक जैन,सदस्य ललित जैन, सुरेश जैन, संतोष जैन, किशोर जैन, दीपक जैन, सिद्धार्थ जैन के अलावा महिला मण्डल की श्रीमती नगीना देवी जैन, श्रीमती लीला देवी जैन, श्रीमती ममता बंगानी, श्रीमती कांता देवी जैन, श्रीमती मंजु जैन, श्रीमती ममता जैन, जैन युवा मंच केविकास जैन, अंगूर जैन, मनोज जैन, ऋषभ जैन, अमित जैन, पीयूष जैन, विवेक जैन, विक्की जैन के साथ सभी का सहयोग सराहनीय रहा। इस अवसर पर खरतरगच्छ जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष हरीश जैन ने सभी साध्वी भगवंतों को श्री संघ की ओर से वंदना करते हुए सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया है।



## वनांचल के प्रतिभाशाली बच्चों ने बोर्ड परीक्षा में किया शानदान प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोड़ान

समीपस्थ ग्राम राम्हेपुर (एन) स्थित संस्कार पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करके यह साबित कर दिया कि ग्रामीणक्षेत्रों में भी यदि अच्छी शिक्षा व्यवस्था हो तो वहां भी प्रतिभाओ की कमी नहीं है। इस स्कूल में पढऩे वाले कक्षा दसवीं के छात्र रितेश मंगेशकर ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ जहां मुंगेली जिले में अपना उत्कृष्ट स्थान बनाया वही गंधेश्वरी बांधेकर 96 प्रतिशत, किरण जायसवाल ने 94.66, गजानन साहू 89 प्रतिशत, निधि रजक 88.33, योगेश्वर साहू 88.3 तथा रूपेश साहू ने 86.33 अंक हासिल कर अंचल के साथ स्वयं और अपने माता-पिता के अलावा विद्यालय का नाम भी रोशन किया है!संस्कार पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के संस्था प्रमुख धर्मेंद्र सिंह ने इस गौरवशाली उपलब्धि पर सभी विद्यार्थियों और उनके माता-पिता को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने बताया कि ग्राम राम्हेपुर में संस्कार पब्लिक स्कूल विगत 16 वर्षों से संचालित है। अंचलवासियों के आशीर्वाद और प्रोत्साहन से इस विद्यालय का प्रायः प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहता है।

